


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 16 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 29 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक में तय हुए आठ बिंदु

# फिर से सरकार बनी तो घर-घर पहुंचेगी कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक में आठ बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक के दौरान तय किया गया कि यदि प्रदेश में फ़िर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो कांग्रेस कार्यकर्ता हर एक घर में पहुंचेंगे। बैठक के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस की महा सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक में निर्धारित कार्यक्रमों को करने के लिए प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सभी जिला व ब्लाक कांग्रेस व मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों को निर्देश जारी किया है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान प्रबंध समिति के संयोजक राजेश बिस्सा ने बताया कि कांग्रेस द्वारा 15 नवंबर तक लगातार जनता के मध्य सक्रीय रहने हेतु निरंतर कार्यक्रम चलाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि संवाद अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्ग व समुदायों को कांग्रेस के साथ खड़ा करने हेतु उनके मध्य जीवंत उपस्थिती दर्ज करवायी जायेगी। प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के संयोजक राजेश बिस्सा ने बताया की उक्त कार्यक्रम के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु समिति की बैठक में कल व्यापक चर्चा हुई तथा बैठक पश्चात राष्ट्रीय प्रभारी व छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सुश्री सैलजा ने कार्यक्रमों की समिक्षा कर उनकी रुपरेखा पर मार्गदर्शन किया। चुनाव अभियान समिति की बैठक में मलकित गैंदू, राजेश बिस्सा, अमित पांडे, अशोक राज आहूजा, मुरारी गौड़, दीपक मिश्रा, डॉ राकेश गुप्ता, राजेंद्र जग्गी, समीर पांडे, विकास शुक्ला, संजय सिंह ठाकुर, दिलीप चौहान, सद्दाम सोलंकी, शेखर शर्मा, राजेश चौबे, हसन खान, मयंक तिवारी, जीशान इत्यादि शामिल हुए।

### बैठक में तय हुए यह आठ बिंदु

- **हर घर कांग्रेस अभियान :** इसकी मदद से हर घर पहुंचकर कांग्रेस सरकार की नीतियों, योजनाओं व निर्णयों तथा राज्य सरकार के प्रयास से आम जनता को मिले व्यक्तिगत लाभ से संबंधित सामग्रियों का प्रत्यक्ष वार्तालाप कर वितरण किया जायेगा।
- **विकास और विश्वास कांग्रेस का साथ:** इस अभियान के माध्यम से सभी वरिष्ठ कांग्रेजन एक जुट होकर जनता मध्य कांग्रेस और विश्वास एक दूसरे के पूरक हैं को समझायेंगे।
- **झूठ के विरुद्ध लड़ाई :** झूठ से लड़ाई का यह अभियान चुनाव संपन्न होने तक लगातार कांग्रेस के विधिक प्रकोष्ठ के सहयोग से भाजपा के द्वारा फैलाये जाने वाले झूठ के विरुद्ध चलाया जायेगा है।
- **जन जागृति व विश्वास अभियान :** 2018 में कांग्रेस को क्षेत्रों में पराजय का सामना करना पड़ा था, उन सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने यह कार्यक्रम वरिष्ठ नेताओं व स्टार प्रचारकों की उपस्थिति में किये जायेंगे।
- **महिला आक्रोश व जागृति अभियान :** यह अभियान दो बिंदुओं महंगाई विषय पर महिला आक्रोश व्यक्त कर तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार की नीतियों व कार्यों के लिये महिला अभिनंदन अभियान चला कर किया जायेगा।
- **युवा चेतना अभियान :** यह अभियान भी दो बिंदुओं पर चलाया जायेगा। पहला ङ्क भाजपा सरकार द्वारा युवाओं से किये जा रहे छल के विरुद्ध युवाओं के माध्यम से निंदा अभियान तथा दूसरा ङ्क प्रदेश सरकार के द्वारा युवा कल्याण व रोजगार की दिशा में किये गये कार्यों के समर्थन में धन्यवाद अभियान चलाकर किया जायेगा।
- **टाउन हाल (पॉकेट मीटिंग्स) :** प्रत्येक जिले में जो समाज में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं की छोटी छोटी मीटिंग करवाकर उन्हे कांग्रेस के पक्ष में करने का अभियान चलाया जाना है।

## खास-खबर



### छत्तीसगढ़ में दिग्गजों के दौरे शुरू, कांकेर व दुर्ग में सभा लेंगे पीएम मोदी, कल प्रियंका और देवेंद्र फडणवीस का दौरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। पहले चरण के सात नवंबर को होने वाले मतदान से पहले प्रधानमंत्री कांकेर और दुर्ग में सभा ले सकते हैं। पीएम मोदी 2 नवंबर को कांकेर व 4 नवंबर को दुर्ग में चुनावी सभा लेंगे। 30 नवंबर को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी सभा लेंगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नविश भी 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले चार महीने में छत्तीसगढ़ में चार बार आ चुके हैं। हालांकि पिछले के हर दौरे का उद्देश्य राजनीतिक रहा है, मगर उन्होंने इस बीच प्रदेश की जनता के लिए करोड़ों के कार्यों की शुरुआत भी की। कांग्रेस नेत्री प्रियंका 30 अक्टूबर प्रदेश के खैरागढ़ और बिलासपुर में चुनावी सभा लेंगी। वह जालबंधा, खैरागढ़ में दोपहर 12.30 बजे और पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर में दोपहर 2.30 बजे चुनावी सभा लेंगी। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फ्डणवीस की 30 अक्टूबर को धमतरी में सुबह साढ़े ग्यारह बजे और रायपुर में दोपहर डेढ़ बजे चुनावी सभा होगी।

### रायपुर में राहुल गांधी ने की धान की कटाई, सिर पर गमछा और हाथ में हसिया लेकर खेत में पहुंचे

**रायपुर।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी दो दिन से छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन राहुल गांधी सुबह-सुबह नवा रायपुर के कटिया गांव पहुंचे। यहां के किसानों के साथ मिलकर धान की कटाई की। सिर पर गमछा हाथ में हसिया थामे राहुल गांधी ने किसानों से बातचीत की फिर धान की कटाई की। राहुल गांधी ने धान काटते हुए ये फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया है। राहुल गांधी ने पोस्ट कर लिखा है कि किसान खुशहाल तो भारत खुशहाल है। छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कांग्रेस सरकार के 5 सबसे बेहतरीन काम के बारे में भी बताया।

## बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, खून से लथपथ मिला शव

■ **बीएसएफ की165 वाहिनी में आरक्षक के पद पर था पदस्थ**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** कांकेर के रावघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सरगीपाल में बीएसएफ के जवान ने अपने ही सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जवान कैंप की सुरक्षा के लिए मोर्चे में तैनात था। उसी वक्त अपने ही सर्विस राइफल से गोली मारकर उसने आत्महत्या कर ली। उसने यह कदम क्यों उठाया इसका अभी पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों और बीएसएफके अधिकारियों के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



अंतागढ़ एसपी खोमन सिन्हा ने बताया कि जवान बीएसएफ की165 वाहिनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। जवान का नाम वाल्मीकि सिन्हा है, वह रायपुर मंदिर हसौद का रहने वाला था। कैंप में जवानों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो दौड़कर बैरक में पहुंचे। जहां खून से लथपथ जवान वाल्मीकि का शव पड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एर्नाकुलम में प्रार्थना सभा के दौरान एक के बाद एक कई धमाके, एक की मौत, कई घायल

**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण ब्लास्ट हुआ। इसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत की खबर है। वहीं, कई लोग घायल हैं। कलामसेरी पुलिस के मुताबिक, यह धमाका उस वक्त हुआ, जब कई लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका सुबह 9 बजे के करीब हुआ। अगले कुछ मिनटों में एक के बाद एक ब्लास्ट हुए।

बताया गया है कि रविवार को इस तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आखिरी दिन था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस वक्त यह धमाके हुए उस दौरान प्रार्थना सभा में करीब दो हजार लोग जुटे थे। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के ने कहा कि कालामसेरी धमाके को लेकर उन्होंने सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को तुरंत काम पर लौटने के लिए कहा है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से बात की और बम विस्फोट के बाद राज्य के हालात पर चर्चा की। शाह ने एनआईए और एनएसजी की एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर जाने और मामले में जांच शुरू करने के आदेश दे दिए हैं।



केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने घना पर कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम इस घटना से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। सभी अधिकारी एर्नाकुलम में हैं। डीजीपी भी घटनास्थल जा रहे हैं। हम इसे गंभीरता से ले रहे हैं। मैंने डीजीपी से बात की है और जांच को लेकर ज्यादा जानकारी जुटा रहा हूं।

## सीएम भूपेश ने कहा- ईवीएम में नहीं होना चाहिए नोटा का विकल्प, परिणामों पर पड़ता है असर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ईवीएम में नोटा के विकल्प पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नोटा का विकल्प ही नहीं होना चाहिए। इससे चुनाव परिणामों पर असर पड़ता है। बस्तर रवाना होने के पहले शनिवार को रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि नोटा के विकल्प पर चुनाव आयोग को पुर्नविचार करना चाहिए।

कई बार जीत-हार से अधिक मत नोटा को मिल जाता है। इससे चुनाव परिणाम पर असर पड़ता है उल्लेखनीय है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में 2.82 लाख नोटा वोट पड़े थे।



पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पद से क्यों हटाया? वे तो सबसे विद्वान मंत्री थे, उन्हें हटाने का कारण क्या है? रमन सिंह कहते हैं कि सत्ता में आने पर कांग्रेसियों को उलटा टांग देंगे तो मैं कहता हूं उल्टा तो उन्हें टांगना चाहिए, क्योंकि उनके कार्यकाल के दौरान कई भ्रष्टाचार हुए। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही रविशंकर प्रसाद ने दुर्ग में पुराना गंज मंडी में ईडी मामले पर भूपेश सरकार पर निशाना साधा था। भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा चुनाव नहीं लड़ रही है,बल्कि इन नेताओं को लड़ा रही है। जकांछ, आप जैसी पार्टियां भाजपा की बी टीम है। कांग्रेस के वोट को काटने के लिए इन्हें लड़ाया जा रहा है।

## पहले चरण के 12 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 223 उम्मीदवारों में से 26 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी। इनमें से 16 गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उम्मीदवारों के खिलाफ जानबूझकर चोट पहुंचाने और धमकी देने जैसे मामले भी दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण के 223 उम्मीदवारों में से 26 (12 फीसदी) उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात




और 17 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में और शेष निर्वाचन क्षेत्रों में 17 नवंबर को मतदान होगा।

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के 20 उम्मीदवारों में से पांच ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की जानकारी दी है। वहीं, सत्ताधारी दल कांग्रेस के 20 में से दो, आम आदमी पार्टी के 10 में से चार उम्मीदवार और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के 15 में से तीन उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने का खुलासा किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के 20 निर्वाचन क्षेत्रों में से पांच कांकेर, चित्रकोट, खैरागढ़, पंडरिया और कवर्धा ऐसे हैं, जहां तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जिन भाजपा उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, उनमें विजय शर्मा (कवर्धा), विक्रांत सिंह (खैरागढ़), विनायक गोयल (चित्रकोट-एसटी), आशाराम नेताम (कांकेर-एसटी) और सोयम मुक्का (सुकमा-एसटी) शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस से शंकर ध्रुवा (कांकेर-एसटी) और नीलू चंद्रवंशी (पंडरिया), आम आदमी पार्टी से नरेंद्र भवानी (जगदलपुर), कोमल हुपेंडी (भानुप्रतापपुर), बोमधा मंडावी (चित्रकोट) और खडग्राज सिंह (कवर्धा) तथा जेसीसी (जे) से रवि चंद्रवंशी (पंडरिया), लकी मंगल नेताम (खैरागढ़) और सोनसाय कश्यप (बस्तर) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की जानकारी दी है। पहले चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा।

## केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त ही होनी चाहिए

श्रीकंचनपथ




केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त ही होनी चाहिए. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एकदम सही कहा है। ऐसा सिर्फ छत्तीसगढ़ में नहीं बल्कि पूरे देश में होना चाहिए। वैसे भी सामान्य स्कूल कालेजों में मिल रही शिक्षा सिवा एक अर्हता के और क्या है? केजी पढ़कर निकलो तो पहली कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा दो। 12वीं पास होने के बाद नर्सिंग, फार्मेसी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, होटल मैनेजमेंट, पालीटेक्नीक, यहां तक कि आईटीआई में भर्ती होने के लिए भी प्रवेश परीक्षा दो। स्नातक के बाद बीएड के लिए प्रवेश परीक्षा देनी पड़ती है। जिस मार्कशीट की खुद उच्च शिक्षा संस्थानों में कोई इज्जत नहीं है, उसके लिए कोई पैसे क्यों खर्च करे। विद्यार्थी केवल सीखने के लिए स्कूल-कॉलेज जाए, पढ़ाई करे। वैसे भी सरकार को कोई खास नुकसान तो होना नहीं है। जितना पैसा वह विद्यार्थियों से बतौर फीस वसूलती है, उससे ज्यादा तो बालिका शिक्षा के विज्ञापन पर खर्च कर देती है। वैसे एक बात कभी समझ में नहीं आई। सरकारी स्कूल में शिक्षा कर्मी बनने के लिए भी परीक्षा दिलानी पड़ती है। अर्थात् जो श्रेष्ठ गुरुजी होते हैं, वो सरकारी स्कूलों में चले जाते हैं। फिर भी लोग निजी स्कूलों की फीस भरने के लिए क्यों तैयार रहते हैं। क्या सरकार अपने शिक्षकों से काम नहीं ले पाती? क्या शिक्षकों से शिक्षण के इतर ज्यादा काम लिया जाता है? वैसे स्कूल कालेजों में टाइम वेस्ट की बात करें तो निजी स्कूल-कालेजों में विद्यार्थियों का टाइम कहीं ज्यादा वेस्ट होता है। बातें भले ही लोग सनातन की करें पर मदर्स डे, फादर्स डे, वैलेन्टाइन डे सभी कुछ मनाया जाता है। बात-बात पर केक काटना तो पूजा से पहले दीपक जलाने जितना ही जरूरी हो गया है। जब से शिक्षण की गुणवत्ता नापने का नया बखेड़ा शुरू हुआ है, कालेजों में कार्यक्रमों की बाढ़ आ गई है। लोग विकिपीडिया से ढूंढ-ढूंढ कर दिवस विशेष निकाल रहे हैं और उसपर कुछ न कुछ कर रहे हैं। बात-बात पर स्कूल कालेज के बच्चे नारे लगा रहे हैं, रैलियां निकाल रहे हैं, नुक्कड़ नाटक खेल रहे हैं। माटी शिल्प, रंगोली, मेहंदी के वर्कशॉप हो रहे हैं। इसलिए रोजगार योग्य ग्रेजुएट तैयार नहीं हो रहे। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भले कम हो, पर ढंग का रोजगार गिनती के लोगों के पास ही है। पोस्ट ग्रेजुएट भी सुबह से शाम तक घिसकर 10-15 हजार रुपए ही पैदा कर पाते हैं। इससे ज्यादा तो साप्ताहिक बाजार में सब्जियां बेचने वाला कमा लेता है। ऐसे में आशा की एक पतली सी किरण नजर आती है। बिलासपुर का एक कालेज सेल्समैनशिप की ट्रेनिंग दे रहा है। इंटर्नशिप में उसके विद्यार्थी स्कूल-कालेज और घरों में जाकर उत्पादों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं, उसे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। और कुछ हो न हो, वह रोजगार योग्य तो बन ही जाएगा। दिशा सही रही तो पांच-छह साल में डेढ़-दो लाख रुपया महीना कमा रहा होगा।



## संपादकीय

### सजा से उपजे सवाल

कतर में पिछले साल से हिरासत में बंद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा ने स्वाभाविक ही पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इनकी गिरफ्तारी की खबर ने भी सबको चौंकाया था, लेकिन भारत सरकार ने न केवल इसे संज्ञान में ले लिया था बल्कि आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। उसके बाद इन लोगों की परिवार वालों से फोन पर बात करवाई गई और इन्हें काउंसलर मदद भी मुहैया कराई गई। लेकिन जिस तरह से अचानक वहां की एक अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुना दी, उससे स्पष्ट है कि यह मामला भारत सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती साबित होने वाला है। अभी तक इन आठों भारतीयों की गिरफ्तारी की वजह भी नहीं बताई गई है। स्थानीय मीडिया में जो खबरें चल रही हैं उनसे लगता है कि इन पर कतर के एक महत्वपूर्ण पनडुब्बी प्रॉजेक्ट से जुड़ी सूचनाएं लीक करने का संदेह है। ये सूचनाएं इस्राइल को भिजवाने की बात कही जा रही है। चूंकि न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताए गए हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पाई है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है। हालांकि यह बात भी सही है कि इन्हें वहां की एक अदालत ने सजा सुनाई है और कोई भी देश आम तौर पर बाहरी कारणों से अपने जुडिशल सिस्टम में हस्तक्षेप होता नहीं देखना चाहता। लेकिन जिस वजह से यह मामला खास तौर पर संवेदनशील हो गया है, वह है इसकी टाइमिंग। कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चैनल भी दोहा में ही है। कतर के विशेष प्रभाव के पीछे गैस की बदौलत फलती-फूलती उसकी इकॉनमी है। भारत कतर की गैस के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है और वहां करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले दो दशकों में भारत और कतर के रिश्ते दिनों दिन अच्छे ही होते गए। बीच में थोड़ी खटास तत्कालीन बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के एक बयान से उपजे अप्रिय विवाद की वजह से जरूर आई, लेकिन उन्हें पार्टी से निलंबित कर मामले को ज्यादा बिगड़ने से रोक लिया गया। बहरहाल, इस्राइल-हमास जंग के मौजूदा माहौल में भारत के लिए कतर सरकार के साथ मिलकर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाना आसान नहीं होगा।

> “ कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चैनल भी दोहा में ही है।

## सहमति का सवाल है

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की एक समिति ने सुझाव दिया है कि पाठ्यपुस्तकों में अपने देश का नाम हर जगह इंडिया के स्थान पर भारत लिखा जाए। अगर इस सुझाव का एक खास संदर्भ नहीं होता, तो इस पर विवाद या असहमति की कोई गुंजाइश नहीं होती। आखिर भारतीय संविधान में इस देश का नाम भारत और इंडिया दोनों लिखा है। इन दोनों में से किसी नाम का उपयोग संवैधानिक, कानूनी और उचित है। लेकिन ध्यान अगर इन नामों के उपयोग के संदर्भ पर दें, तो एनसीईआरटी कमेटी की ये पहल विवादास्पद मालूम पड़ने लगती है। संदर्भ से जुड़ी बात यह है कि भारत एक विशाल और बहुलता भरा देश है। इस देश पर इसके नागरिक नागरिक का समान अधिकार है। इसलिए इस देश का नाम क्या हो, उसकी पहचान कैसी हो, आदि जैसे सवालों पर हर व्यक्ति की राय समान महत्त्व रखती है। संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर लिखी गई किताबों में इस बात का उल्लेख है कि संविधान सभा में देश के नाम पर तीखी और गरमागर्म बहस हुई थी।

इसके बावजूद संविधान सभा के सदस्यों के बीच इस पर आम सहमति नहीं बन सकी। तो उसका रास्ता संविधान के पहले वाक्य में इंडिया डैट इज भारत लिख कर निकाला गया। आज लगभग 75 साल भी इस प्रश्न पर देश आम सहमति नहीं है, यह बात इस संबंध में हाल में नरेंद्र मोदी सरकार की तरफ से हुई पहल पर विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है। इसलिए सरकार और उसकी एजेंसियों की दिशा में हो रही पहल एकतरफा नजर आती है और यह धारणा बनी है कि यह देश पर सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा के मुताबिक एकरूपता थोपने की परियोजना का हिस्सा है। जाहिर है, ऐसी धारणाएं देश के दीर्घकालिक हित में नहीं हैं। लोकतंत्र का मूल तत्व यह है कि उस व्यवस्था में सभी हितधारकों को यह महसूस होता है कि सिस्टम को चलाने में वे सहभागी हैं। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र सरकार ऐसी धारणा ना बनने दे, जिससे किसी समुदाय या व्यक्ति-समूह को यह महसूस हो कि उसके ऊपर कोई नाम थोपा जा रहा है।

## सीट बंटवारे पर कांग्रेस की नई रणनीति

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सीट बंटवारे की चर्चा नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रेस ने इसके लिए मना किया हुआ है। शरद पवार के घर पर 13 सितंबर को कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में इस बारे में बात उठी थी लेकिन बैठक शामिल हुए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कह दिया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद इस बारे में बात होगी। उसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह भी कह दिया कि विपक्षी गठबंधन की अगली यानी चौथी बैठक तीन दिसंबर को पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद ही होगी। अब कांग्रेस ने सीट बंटवारे को लेकर नई रणनीति का संकेत दिया है। जानकार सूत्रों के मुताबिक विपक्षी गठबंधन की कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं होगी।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस राज्यवार सीट बंटवारा चाहती है और यह भी चाहती है कि कांग्रेस के प्रदेश नेता हर राज्य में सीट बंटवारे पर बात करें। अगर कांग्रेस इस बात पर अड़ती है तो फिर कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं हो पाएगी क्योंकि उसमें 13 सदस्य हैं और हर राज्य में सबकी मौजूदगी या रूचि नहीं है। मिसाल के तौर पर जेएमएम के सदस्य की महाराष्ट्र या मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे में कोई रूचि नहीं होगी और न डीएमके को झारखंड में कोई रूचि होगी। सो, अगर कांग्रेस की राज्य इकाइयों को सीट बंटवारे के लिए कहा जाता है तो कोऑर्डिनेशन कमेटी में सिर्फ चुनावी रणनीति और साझा न्यूनतम कार्यक्रम आदे के बारे में चर्चा होगी। इसके समन्वयक या संयोजक की भी कोई भूमिका नहीं रह जाएगी।

अगर कांग्रेस की इस रणनीति पर टिकट बंटवारे की बात होती है तो इसका मतलब है कि बिहार में राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के नेता बैठ कर सीटों का बंटवारा करेंगे। उसमें 'इंडिया' गठबंधन की बाकी दो दर्जन पार्टियों का कोई रोल नहीं होगा। इसी तरह हर राज्य में जो मजबूत प्रादेशिक पार्टी है वह कांग्रेस या किसी दूसरी ऐसी पार्टी के साथ बात करेगा, जिसकी उस राज्य की राजनीति में मौजूदगी होगी।

> “ भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को मूर्त रूप लेने में देर है, मगर इन दिनों इजरायल और उसके आस-पास के मुल्कों के बीच जिस तरह रक्त-स्नान की बर्बर आकांक्षा पनप रही है, उसने उन दिनों की याद ताजा कर दी है, जब जंग हरदम सुर्खियों में रहती थी। ईरान-इराक, इराक-अमेरिका, रूस-अफगानिस्तान अथवा अमेरिका और अफगानिस्तान के बीच निराश कर देने वाले युद्धों ने करोड़ों लोगों के सुख-स्वप्न मटियामेट कर दिए थे।

# गाजा की दुर्दशा से समझिए

शशि शेखर

इजरायल और हमास की जंग में भारत की भी आमद हो गई है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल के सीमावर्ती इलाके में हमला भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को रोकने के लिए किया था। बाइडन कहते हैं कि यह मेरा अनुमान है, फिलहाल इसका कोई सुबूत मेरे पास नहीं। मगर जानने वाले जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति आमतौर पर कयासों के ऊपर बात नहीं करते।

क्या इस सिलसिले में आने वाले दिनों में कुछ नए राज-फास होने वाले हैं?

बताने की जरूरत नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की थी। इस महामार्ग के बनने के बाद एशिया व यूरोप की सूरत और सीरत बदल जाएगी। अमेरिका के साथ सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्रांस और जर्मनी ने इस योजना पर दस्तखत किए हैं। इस दौरान मोदी एक बार फिर आत्मविश्वास से भरपूर ऐसे नेता के तौर पर उभरकर आए, जिन्हें देश की ताकत और अपनी युक्ति के ऊपर पूरा भरोसा है। इस फैसले से बीजिंग में खलबली मच गई थी। चीनी हुक्मरां शी जिनपिंग बहुत पहले बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) की घोषणा कर चुके थे, पर तमाम अड़चनें उनके इस महत्वाकांक्षी सपने की राह रोक रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के जानकार जानते हैं कि अपनी शक्ति बढ़ाने के साथ पड़ोसी को बलशाली होने से रोकना जरूरी है। गाजा की जंग में उसकी हमदर्दी साफ तौर पर हमास के साथ दिखती है। चीन लगातार हमारी सीमाओं से भी छेड़छाड़ करता आया है। बाइडन के बयान से उसके प्रति आशंकित रवैया रखने वालों को बल मिलेगा कि कहीं अमेरिकी अगुवा का अंदेशा सही तो नहीं?



भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को मूर्त रूप लेने में देर है, मगर इन दिनों इजरायल और उसके आस-पास के मुल्कों के बीच जिस तरह रक्त-स्नान की बर्बर आकांक्षा पनप रही है, उसने उन दिनों की याद ताजा कर दी है, जब जंग हरदम सुर्खियों में रहती थी। ईरान-इराक, इराक-अमेरिका, रूस-अफगानिस्तान अथवा अमेरिका और अफगानिस्तान के बीच निराश कर देने वाले युद्धों ने करोड़ों लोगों के सुख-स्वप्न मटियामेट कर दिए थे।

ऐसे में, हमास की काली करतूत यकीनन निंदनीय है, पर बदले में इजरायल जो कर रहा है, उसे पश्चिम के मुल्क समर्थन क्यों दे रहे हैं? क्या वे मानते हैं कि इजरायल के कंधे पर रखकर उस बंदूक को दाग सकते हैं, जिसके लिए वे अब तक समूची दुनिया में मोहरे तलाशते आए थे? तेल अवीव पहुंचकर अपने मायावी कसमों-वायदों पर सान चढ़ाने वाले पश्चिम के महाप्रभु निर्दोष फिलिस्तीनियों की हत्या रोकने के लिए कोई कारगर उपाय क्यों नहीं कर रहे?

दरअसल, इजरायल और इजरायलियों को लग रहा है कि वे ताकतवर देशों के सहयोग से अपनी उस लड़ाई को सिरे तक पहुंचा सकते हैं, जो स्थापना के काल से उसकी नियति रही है। मनचाही नियति से साक्षात्कार का यह प्रयोग समूची दुनिया में प्रतिशोध और प्रतिकार को बढ़ावा देने वाला साबित हो सकता है। वजह? इजरायल की मिसाइलें सिर्फ गाजा पर नहीं गिर रहीं। उसने लेबनान और सीरिया में भी जान-माल का नुकसान किया है। इससे अन्य सीमावर्ती पड़ोसियों जॉर्डन और मिस्र में भी उबाल आ रहा है।

सीरिया और कुछ अन्य अरब मुल्कों में अमेरिकी फौज का बसेरा है। यही वजह है कि जो बाइडन नहीं चाहते थे, इजरायल के विशेष दस्ते गाजा की सरजमीं पर कदम रखें। इससे अमेरिकी सैनिकों पर आत्मघाती आक्रमणों की आशंका और बलवती हो सकती है, मगर इजरायल कहां माना? उसके टैंक गाजा को विशाल कब्रिस्तान में तब्दील करने में जुटे हैं।

यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भी कई बार कड़े शब्दों में इसकी लानत-मलामत की है। इजरायल ने उनकी सलाह मानने की जगह उन्हें ही धमकाना शुरू कर दिया है। तेल अवीव मानता है कि संयुक्त राष्ट्र अपना महत्व खो चुका है। क्या संयुक्त राष्ट्र के अगुवा इजरायल पर प्रतिबंध लगाने की सोचेंगे? या, यह कहर रूस, ईरान, इराक, अफगानिस्तान आदि के लिए ही आरक्षित है?

हो सकता है कि यहूदियों की सरकार अरब देशों के अंतरविरोधों का लाभ उठाना चाहती हो। वह ऐसा करती आई है, पर हालात बदल चुके हैं। डेविड बेन गुरिऑन और बेंजामिन नेतन्याहू एक नाव के हमसफर नहीं हो सकते।

जैसे-जैसे इजरायली सेना की कार्रवाई बढ़ रही है, अरब जनता के बीच उसके प्रति नफरत पनप रही है। आम आदमी की आवाज भले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर न सुनाई पड़े, लेकिन अपने मुल्क के सत्ता-नायकों पर उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव जरूर पड़ता है। यही वजह है कि ईरान के साथ अब सऊदी अरब जैसे मुल्क भी तत्काल युद्ध-विराम पर जोर देने लगे हैं। करीब 120 देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ में उनके साथ सुर मिलाया है। अब इजरायल ने उन्हें अनसुना कर अपनी कार्रवाई जारी रखी है, तो क्या हम 1914 के उन भटकाव भरे दिनों की ओर नहीं लौट जाएंगे, जब एक राजकुमार की हत्या ने दुनिया को महायुद्ध की आग में झोंक दिया था?

इसी विश्व युद्ध की कोख से दूसरी महाजंग पनपी थी। उन दिनों इंग्लैंड के राज में सूरज नहीं डूबता था, मगर अमेरिका बड़ी ताकत के तौर पर उभर चुका था। औद्योगिक क्रांति ने पिछले ढाई सौ वर्षों में दुनिया का चेहरा बदल दिया था, लेकिन हिटलर, मुसोलिनी या स्टालिन जैसे लोगों ने मुल्कों में अति-राष्ट्रवाद की विष-बेल बो दी थी। जर्मनी को दूसरा 'राइख' चाहिए था। इंग्लैंड को अपना प्रभुत्व बरकरार रखना था। उधर, अमेरिका को अपनी आर्थिक शक्ति और बढ़ानी थी। जापान के 123वें सम्राट योशोहितो भी जापानी आत्मगौरव को अगल-बगल के देशों पर थोप देना चाहते थे। ऐसे हालात जंग ही तो जनेंगे।

**उन दिनों की रोशनी में मौजूदा हालात पर नजर डाल देखिए।**

रूस ने 2014 में क्रीमिया पर हमला बोल उसे लील लिया और फिर 2022 में उसने यूक्रेन पर कब्जे की कोशिश शुरू की। यूक्रेन ने इसका जवाब दिया। दोनों देशों के बीच विनाशकारी युद्ध जारी है। अर्थजगत में भी दूसरे महायुद्ध से पहले जैसी हलचल जारी है। तब अमेरिका अपने आर्थिक एकाधिकारवाद को लेकर प्रयत्नशील था, आज चीन उसे चुनौती दे रहा है। जैसा कि मैंने पहले अनुरोध किया, चीन ने भारत की सीमाओं पर भी अशांति थोप रखी है। पाकिस्तान की भी भारत से नहीं बनती। चार जंग हारने के बावजूद उसका 'छाया युद्ध' जारी है।

ऐसे विकट समय में मध्य पूर्व के खून-खराबे ने धरती को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की कोशिश करने वालों को नई शक्ति दे दी है। क्या हम संस्कृतियों के युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? मनाइए, ऐसा न हो, पर एक बात तय है। पिछली सदी लोकतंत्र की स्थापना की थी, यह शताब्दी उसकी अग्नि-परीक्षा की है।

# अनाथ बच्चियों पर स्नेह बरसाती यहूदी मां


मिशेल हैरिसन, डॉक्टर, समाजसेविका

दुनिया न जाने कितने युद्धों को देख चुकी, न मालूम और कितनी लड़ाइयां इसके इतिहास का हिस्सा बनेंगी, मगर इस वक्त जो जंग इजरायल और फिलिस्तीन में जारी है, वह सबसे बर्बर संघर्षों में गिनी जाएगी। हजारों मासूम अपने बड़े-बुजुर्गों की निर्दयता और अना की भेंट चढ़ गए। आखिर उनका कसूर क्या था? उन्होंने दुनिया देखी ही कितनी थी? उन्हें कहां पता होगा कि युद्ध क्या होता है? जो हजारों मासूम अनाथ हो गए, उनका क्या होगा? हमास की वहशियाना करतूत की प्रतिक्रिया में बरस रहीं इजरायली मिसाइलों ने सबसे ज्यादा कहर बच्चों पर ही ढाया है। ऐसे में, यहूदी डॉक्टर मिशेल हैरिसन जैसों की जिंदगी किसी 'लैंपपोस्ट' से कम नहीं!

आज से करीब आठ दशक पहले न्यूयॉर्क के एक यहूदी परिवार में मिशेल पैदा हुईं। उनका परिवार रूस से विस्थापित होकर अमेरिका के एलिस द्वीप आया था। तब वह अप्रवासियों का द्वीप हुआ करता था। बहुत थोड़ी सी आबादी थी। मिशेल की दादी तब अपनी किशोरावस्था में ही थीं, मगर उनके हृदय में इतनी करुणा, इतना अपनत्व भरा था कि उस द्वीप पर आने वाले अप्रवासियों की हरमुमकिन मदद के लिए वह तत्पर रहतीं। कुंवारी यहूदी लड़कियों का उन्होंने काफी ख्याल रखा। लड़कियां सही-सलामत अपने परिजनों के बीच पहुंच जाएं, किसी मानव-तस्कर के हाथ न लगने पाएं, इस पर उनकी नजर रहती थी। वर्षों उनका परिवार उसी द्वीप पर रहा। मिशेल की दादी को वहां के लोग 'एलिस की परी' कहा करते थे।

बाद में परिवार न्यूयॉर्क आ गया था। मिशेल पर बचपन से ही दादी का गहरा असर रहा। जब वह छोटी थीं, दादी अक्सर उन्हें नदी किनारे ले जातीं और चीन में 1958 में आए अकाल की कहानियां सुनाकर कहतीं, कभी भूखे बच्चों को मत भूलना! मिशेल शुरू से ही पढ़ने में जहीन थीं, और उनकी परवरिश एक अत्यंत संवेदनशील परिवार में हुई। जाहिर है, इसका असर होना ही था। एक दिन मिशेल को स्कूल में 'जिंदगी के मायने' विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। उन्हीं दिनों उनका एक दोस्त कोरिया से आया था, जो कोरियाई जंग में अनाथ हुए बच्चों की तस्वीरें अपने साथ लाया था। उन तस्वीरों से आहत मिशेल ने अनाथ बच्चों की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने को उस निबंध का आधार बनाया।

प्रतिभा और परिश्रम की बदौलत मिशेल हाईस्कूल के बाद 1960 में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के वाशिंगटन स्क्वॉयर कॉलेज



पहुंचीं, जहां से उन्होंने 'प्री-मेडिकल स्टडीज' और फ्रेंच साहित्य में बैचलर डिग्री हासिल की। इसके बाद उनका ठिकाना बना न्यूयॉर्क मेडिकल कॉलेज। 1967 में यहां से एमडी की डिग्री लेकर वह निकलीं, तो उनके लिए अवसरों के अनगिनत दरवाजे खुले थे। मगर वह साउथ कैरोलिना के गांवों में गरीबों का इलाज करने चली गई। वहां काम करते हुए मिशेल को पता चला कि घर-घर जाकर मरीजों का उपचार और देखभाल करने वाली महिला चिकित्साकर्मियों की तनख्वाह अपने पुरुष समकक्षों से कम है, तो उन्होंने इस पर घोर आपत्ति की और उन्हें समान वेतन दिलवाया।

इस कामयाबी ने मिशेल को एक गहरा सबक सिखाया कि जब आपका नैतिक बल मजबूत है, तो आपके मुखालिफ भी खुलकर विरोध नहीं कर पाते। करीब चार वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहने के बाद वह 1975 में रटगर्स न्यू जर्सी मेडिकल कॉलेज चली आई, जहां सहायक प्रोफेसर के रूप में उन्होंने 1978 तक पठन-पाठन का काम किया। फिर वह हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी भी गईं, मगर जल्द ही मिशेल को लगा कि उन्हें निजी 'मेडिकल प्रैक्टिस' करनी चाहिए और इसके लिए उन्होंने कैंब्रिज शहर को चुना। करीब छह साल की कामयाब प्रैक्टिस के बाद एक बार फिर उन्होंने अध्यापन की ओर रुख किया और दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पढ़ाने के बाद वह जॉनसन ऐंड जॉनसन कंपनी में साढ़े छह वर्षों तक कार्यकारी निदेशक (चिकित्सा सेवा) रहीं।

मगर सबको सब कुछ मनचाहा मिल जाए, कहां मुमकिन होता है? मिशेल मां बनने वाली थीं, तभी पति छोड़कर चले गए। उन्होंने अकेले ही बेटी को पाला। जब वह उम्र की 40वीं दहलीज के करीब पहुंची, तो एक ख्याल उमड़ने लगा था कि मुझे एक और बच्चे का लालन-पालन करना चाहिए। इसी तलाश में वह 1984 में कोलकाता पहुंचीं। मिशेल ने जिस बच्ची को गोद लिया, वह महज दो माह की थी। न्यू जर्सी में रहते हुए वह अपने दोनों बच्चों की परवरिश कर रही थीं, मगर उनके अंदर एक सोच हमेशा बनी रही कि गोद ली गई इस बेटी का परिचय वह उसकी संस्कृति से अवश्य कराएंगी।

इसी सिलसिले में मिशेल उसे लेकर कोलकाता आया करतीं। 1999 में उन्हें स्तन कैंसर का पता चला, इसके बाद भी वह 2000 में बेटी को लेकर कोलकाता आईं। उन दिनों भी वह अनाथालय खुला था। मगर जब उन्हें वहां कुछ गड़बड़ी महसूस हुई, तो दो हफ्ते के अपने कार्यक्रम को वह अगले डेढ़ माह तक बढ़ाती गईं। इस दौरान वहां चल रहे गोद लेने के 'उद्योग' का सारा कच्चा-चिट्ठा उनके सामने था। वह हैरान भी थीं और दुखी भी। एनजीओ उन बच्चों को नहीं लेते थे, जो बिल्कुल अनाथ थे, क्योंकि 18 साल बाद उनके लिए सरकारी अनुदान का प्रावधान न था।

आखिरकार, भारत में अपने परिचितों की मदद से मिशेल ने साल 2006 में 'शिशुर सेवाए' नामक संस्था की शुरुआत की। उन्हें इस सबसे दूर रहने, वरना जान से मारने की धमकी भी दी गई, मगर वह कहां डरने वाली थीं! मिशेल कोलकाता की ही होकर रह गई हैं। अब तक उन्होंने 20 अनाथ, दिव्यांग बच्चियों की जिंदगी को रोशन किया है। ये वे बच्चियां हैं, जिन्हें उनके अपनों ने त्याग दिया था या वे खो गई थीं। बकौल मिशेल, 'ईश्वर अब यदि पूछेगा, जो जिंदगी मिली थी, उसका अच्छा उपयोग किया? तो मैं बेहिचक कह सकूंगी- हां!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# आधे शरीर और पूरे हौसले की कहानी

मुरलीकांत पेटकर, प्रथम पैरालिंपिक स्वर्ण विजेता भारतीय

हर हौसले की अपनी कहानी होती है। हमें कभी लगता है कि अब हम हिम्मत हार जाएंगे, पर हिम्मत के हर टूटते कतरे में भी हौसले की गुंजाइश बची होती है। इस गुंजाइश को जो थाम लेता है, वह फिर मजबूती से कोई न कोई उड़ान हासिल कर लेता है। जिंदगी हिम्मत न हारने और फिर हौसले की उड़ान का सिलसिला ही तो है। उस युवा की जिंदगी भी ऐसी ही थी। जिंदगी जब भी उसे जमीन पर पटकती, वह फिर नई उड़ान की गुंजाइश निकाल लेता। महाराष्ट्र के सांगली के पेठ इस्लामपुर गांव में उसने ग्राम प्रधान के बेटे को कुश्ती में ढेर कर दिया था। प्रधान के अहंकार पर चोट लगी, तो उसके गुर्गे 12 वर्षीय लड़के पर कूद पड़े। प्रधान के बेटे को हरा देना बड़ा अपराध बन गया। स्थितियां ऐसी बन गईं कि गांव में रहने का मतलब था, दिन-रात जोखिम उठाना। ऐसे में, वह लड़का पुणे भाग गया। वहां भारतीय सेना की बॉयज बटालियन में भर्ती हो गया। यहां उसने खेलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जल्दी ही एक अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर के रूप में चमक उठा। पदक-दर-पदक जीतने लगा।

सेना में नौकरी लग गई। एक बार वह यूं ही पुरस्कार स्वरूप कश्मीर देखने गया था। कश्मीर के सियालकोट सेक्टर में बंकर में था। अचानक सायरन बजा, उसे लगा कि चाय का समय हो गया, मगर बंकर से बाहर निकलते ही गोलियां बरसने लगीं। 1965 का युद्ध छिड़ गया था। पाकिस्तानी वायु सेना ने हमला बोल दिया था। उस जवान को करीब नौ गोलियां लगीं और वह गिर गया, सबसे बड़ा दुर्भाग्य कि अफरा-तफरी में सेना का एक वाहन उस पर से गुजर गया। वह लड़ाई के लिए कतई प्रशिक्षित नहीं था, मगर उस पर ऐसी घातक त्रासदी बीती कि वह मौत के मुंह की ओर बढ़ चला। दर्द इतना बढ़ा कि कुछ समय के लिए याद्दाश्त चली गई। कुछ दिन जम्मू के अस्पताल में बीते, कुछ दिन दिल्ली और फिर मुंबई के अस्पताल में भेज दिया गया। जिसके शरीर से आठ गोलियां निकाली गई हों और एक गोली अभी भी पीठ में फंसी हुई हो, उसका जिंदगी में क्या हो सकता है? होश आया, तो जिंदगी ठहरी नजर आई, जहां सिर्फ अंधेरा था। पैरों पर फिर लौटने की गुंजाइश नहीं थी। पूरी जिंदगी बिस्तर पर पड़े रहना था। यह कोई छिपी बात नहीं है कि ऐसे लाचार-दिव्यांगों से सगे रिश्तेदार भी मुंह मोड़ लेना पसंद करते हैं। लोगों को लगता है कि लाचार दिव्यांग को भला क्यों ढोया जाए? काम के न काज के दुश्मन अनाज के। वैसे भी 1960 के दशक में दिव्यांगों की दुनिया में बहुत अंधेरा था, उनके लिए कोई सुविधा नहीं थी। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने देश में जहां-तहां मैले-कुचैले दिव्यांगों की भीड़ भीख मांगती नजर आती थी।

नीचे के आधे बेकार शरीर के साथ वह युवा भी बिस्तर पर पड़ा सवालों से जूझता रहता था। उसके लिए निर्णायक क्षण था कि उसे ऐसे फिजियोथेरेपिस्ट मिले, जिन्होंने हिम्मत न हारने की सलाह दी और कहा, 'खेलना मत छोड़ना। तैरना फायदेमंद होगा।' पशु-पक्षी भी बहुत थोड़ी मेहनत से तैरते हैं, क्योंकि उनको पानी पर पूरा भरोसा है। पानी में वही डूबता है, जिसे पानी पर भरोसा नहीं होता, जैसे जिंदगी में वही हारता है, जिसे संसार पर भरोसा नहीं होता है। संसार पर भरोसा करने वाले कभी हिम्मत नहीं हारते और संसार में कहीं न कहीं उनके लिए राह बनती चली जाती है। युद्ध में घायल जवान मुरलीकांत पेटकर के लिए भी राह बनी। एक दिन प्रसिद्ध उद्यमी जे आर डी टाटा उनसे मुंबई के अस्पताल में मिलने आए और पूछा कि 'बताइए, आपके लिए मैं क्या कर सकता हूं?' बिना मौका गंवाए मुरलीकांत ने मांग लिया, 'हो सके, तो कृपया एक नौकरी दिला दीजिए।

नौकरी मिल गई, तो जिंदगी सकुशल तैरने लगी। खेलों ने सुकून देकर फिर मुकाबले के लिए तैयार किया। साल 1968 में मुरलीकांत ने ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक में भाग लिया। टेबल टेनिस, शॉट-पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी में वह महाराष्ट्र राज्य चैंपियन बने। वह स्वर्णिम मौका भी आया, जब उन्होंने 1972 में जर्मनी में आयोजित ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के लिए पहला स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया। इसके पहले किसी भारतीय ने यह कारनामा नहीं किया था। यह स्वर्ण भारतीय दिव्यांगों की दुनिया में पत्थर पर खिले सुंदरतम फूल की तरह है। एक ऐसा फूल, जो पचास साल बाद भी तरोताजा है, जिसे देख सबको आज भी गर्व होता है। नवंबर की पहली तारीख को 1944 में जन्मे मुरलीकांत पेटकर की याद दिलो-दिमाग में तब और खिल आई है, जब पैरालिंपिक एशियाड में भारतीय दिव्यांगों ने पहली बार 100 से ज्यादा पदक जीतकर तीरंगे को ऐसे लहरा दिया है कि अब भूलना मुश्किल है।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### रमन सिंह ईडी के प्रवक्ता हैं और ईडी रमन सिंह की संरक्षक - कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ईडी कुत्ते-बिल्ली के जैसे घूम रही है'' इस बात से रमन सिंह की बौखलाहट बताती है तीर निशाने पर लगा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह की बौखलाहट स्वाभाविक है ईडी जो पटकथा लिखती है रमन सिंह उसको पढ़ते है। रमन सिंह ईडी के प्रवक्ता हैं और ईडी रमन सिंह की संरक्षक, यही कारण है कि ईडी रमन सिंह के नान घोटाले और चिटफंड घोटाले की जांच नहीं कर रही है। छत्तीसगढ़ में ईडी की जब छापेमारी होती है तो ईडी के छापे में क्या मिलने वाला है यह रमन सिंह दो दिन पहले ही प्रेसनोट जारी करके बता देते है। ईडी भाजपा नेताओं की सलाह पर पटकथा लिखती है तथा भाजपा के नेता रट्टू तोते की भांति उसको पढ़ते है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन के 15 सालों के कार्यकाल में 1 लाख करोड़ का घोटाला हुआ था। रमन सिंह देश के भ्रष्टतम मुख्यमंत्रियों में गिने जाते थे। रमन सिंह का बेटा उनके भ्रष्टाचार के पैसे को जमा करने के लिये विदेशों में खाता खुलवाता है और काले धन वालों की सूची पनामा पेपर में अभिषेक सिंह का नाम आता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री और इन्फोर्समेंट डायरेक्टर को पत्र लिखकर नान और चिटफंड घोटाले की जांच कराने का अनुरोध किया था। ईडी, आईटी नान घोटाले, चिटफंड घोटाले, पनामा पेपर के अभिषाक सिंह की जांच क्यों नहीं करती है? नान गरीबों के राशन में 36000 करोड़ का डाका डाला गया है, जब इतनी बड़ी रकम का लेनदेन हुआ है, नान डायरी में सीएम सर, सीएम मैडम, ऐश्वर्या रेसीडेंसी वाली मैडम जैसे दर्जनों नामों का उल्लेख है जिनका मोटी-मोटी रकम देने का भी उल्लेख है। ऐसे में इस अवैध लेनदेन की जांच ईडी क्यों नहीं करती है? गली-गली में घूमने वाली ईडी रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं करती?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जो लोग भाजपा के विरोध में है ईडी की नजर में वे गुनाहगार है। भाजपा ज्वाइन करते ही सारे केस समाप्त हो जाते है। हेमंत बिस्वा शर्मा, लुईस बर्जर और शारदा घोटाले केस में जिसमें ईडी ने बुलाया, क्रीम लगाई और भाजपा में शामिल हो गए और ईडी ने सब चीजें सफा चट कर दिया। येदियुरप्पा पर ईडी का केस दर्ज हुआ या नहीं हुआ। नारायण राणे जब कांग्रेस में थे, ईडी और इंकम टैक्स के रेड और नोटिस आते थे, लेकिन जैसे ही भाजपा में गए, तो ये ग्लो एंड लवली स्कीम के तहत उनके ऊपर ये क्रीम लगी और वो पाक साफहुए। सोमेन मित्रा, जब तक टीएमसी में थे, मुकदमें चल रहे थे और जैसे ही पार्टी छोड़ी, उनके ऊपर ईडी के सारे के सारे केस माफ हो गए। रमन सिंह जी का पता भी नहीं कि क्या ईडी के केस चल रहे हैं या नहीं चल रहे हैं। मुकुल राय जब तक टीएमसी में थे, ईडी के प्रेशर में थे, लेकिन जैसे ही बीजेपी में गए फेयर एंड लवली स्कीम में उनके ऊपर क्रीम लगी और ठीक हो गए। ईडी भाजपा की एजेंट बन गई है।

### बिना रायल्टी पर्ची रेत-गिट्टी का परिवहन, 15 हाइवा जब्त

**रायपुर।** रेत व गिट्टी खदानों से अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। देर रात फिर से 15 हाइवा को बिना रायल्टी पर्ची रेत, गिट्टी और फर्सी का अवैध परिवहन करते पकड़ा है। अफसरों के अनुसार इनमें से किसी के भी पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई। इनमें 12 हाइवा में रेत, एक हाइवा में गिट्टी और दो हाइवा में फर्सी जब्त करने के साथ ही गाड़ियों को भी खड़ा करवा लिया गया है। यह खनिज खरोरा और मोहमेला से लोड करके लाया जा रहा था। टीम ने खरोरा में दो और तिल्दा में 13 गाड़ियों को जब्त किया। वाहनों के मालिक कवर्धा और बेमेतरा जिले के बताए जा रहे हैं, सभी हाइवा ढंकी हुई थी।

# केन्द्र सरकार पर बरसे राहुल गांधी, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का किया वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे के तहत शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। कांकेर सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के लिए 2 बड़ी गारंटी की घोषणा की। इसमें लघु वनोपजों की एमएसपी पर अतिरिक्त 10 रुपए दिए जाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी स्कूलों, कॉलेजों में केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। वही तेंदूपत्ता पर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष मिलेगी।

आगे राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सभी वादों को पूरा किया है। हम गरीब और बीजेपी अडानी को मदद करती है। केंद्र सरकार हर चीज अडानी को दे रही है। पीएम मोदी जाति जनगणना से क्यों डरते है? यूपीए सरकार के आंकड़ों को मोदी जारी करें। आमसभा में सीएम बघेल ने कहा कि बीजेपी सरकार किसान के विरोध में लगातार काम कर रही है। जब कांग्रेस ने कर्जमाफी की घोषणा की तो भाजपाइयों के पेट में दर्द हो रहा है। रमन सरकार ने चुनाव से पहले खूब राशन कार्ड बनाया पर चुनाव के बाद हजारों राशन कार्ड को निरस्त कर दिया। आदिवासियों के एक लाख एकड़ जमीन छीनने का काम रमन सरकार ने किया। 15 साल में रमन सरकार पेसा कानून तक नहीं बना पाया।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मोदी सरकार ने सबके खाते में 15-15 लाख देने का वादा किया था, रोजगार देने की बात कही थी, किसानों की आय दोगुनी करने वादा किया था पर एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। ऐसा कोई सगा नहीं है, जिसे रमन सिंह और दिल्ली वालों ने ठगा नहीं। हमने कांग्रेस सरकार बनते ही शपथ लेने के बाद दो घंटे में ही 19 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। 1700 आदिवासी किसानों को जमीन का पट्टा दिया गया। 4000 प्रति मानक बोरा से तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा। सबसे ज्यादा गन्ना और मिलेट्स की कीमत छत्तीसगढ़ में है। चुनाव के बाद बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट शुरू की जाएगी।

केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने ओबीसी जनगणना का सवाल एक बार फिर से उठाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हम पिछड़ों की सरकार चलाते हैं, ओबीसी की सरकार चलाते हैं, तो फिर आप ओबीसी जनगणना से क्यों डरते हैं। आज जितनी भागीदारी ओबीसी की है, उतनी और किसी की नहीं है। यह सच्चाई आप नहीं बताना चाहते हो। आज ओबीसी को ठगा जा रहा है, देश की 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की है, लेकिन उनको बजट में पांच प्रतिशत भागीदारी मिल रही है। केंद्र में सरकार आने पर जाति जनगणना कराएंगे, वहीं छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही जातिगत सर्वे कराया जाएगा।

**वनवासी कहना आदिवासियों का अपमान है**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आदिवासियों को लेकर कांग्रेस और भाजपा की सोच का अंतर बताते हुए कहा कि हम आदिवासी कहते हैं, लेकिन वे वनवासी कहते हैं। आदिवासी का मतलब वो लोग, जो हिन्दुस्तान के पहले मालिक थे। आदिवासियों को जमीन का अधिकार मिलना चाहिए, उनकी संस्कृति, जंगल, उनकी जमीन की रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि वे हिन्दुस्तान के पहले और पुराने मालिक हैं। वनवासी का मतलब है कि आप लोग जंगल में रहते हो। वनवासी शब्द हिन्दुस्तान के आदिवासियों का अपमान है। आप पर आक्रमण है, आपकी संस्कृति पर, आपके इतिहास पर, आपके अलग-अलग भाषाओं पर आक्रमण है।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए महिला, दिव्यांग व युवा वर्ग प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा सहित सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र (महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र), 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र व 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केन्द्र, 06 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, 06 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 30 आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है।

### जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार

विधानसभा क्षेत्र क्र. 62 पाटन के मतदान केंद्र क्र. 12 नवीन शा. प्रा. शाला भवन कुम्हारी कक्ष क्र 03, मतदान केंद्र क्र. 19 शास. स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके. स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद्र क्र. 23 शास. स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके. स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद्र क्र. 24 पूर्व मा. शाला भवन कुकदा उत्तर दिशा, मतदान केंद्र क्र. 37 प्रा शा भवन अमलेश्वर क. नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 104 पू. मा शाला भवन पतोरा क.नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 136 शास. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के कमरा नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 137 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 138 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 03 एवं मतदान केंद्र क्र. 139 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 04 (महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र) शामिल है।



मतदान केन्द्र क्र. 140 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन अखरा कक्ष नं. 01 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 1, प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष क्र. 16 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 1 प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष क्र.16, मतदान केन्द्र क्र. 12 नवीन शा.प्र.शा.भवन कुम्हारी कक्ष क्र. 03, मतदान केन्द्र क्र. 19 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यमि हायर सेकेण्डरी स्कूल कुम्हारी कक्ष क्र. 11, मतदान केन्द्र क्र. 104 उ.मा.शा. पतोरा कक्ष क्र. 01 और मतदान केन्द्र क्र. 140 शा.पू.मा.शा. अखरा कक्ष क्र. 01 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण के मतदान केंद्र क्र. 127 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा न. 29 एवं मतदान केंद्र क्र. 125 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 26, मतदान केंद्र क्र. 34 शा.प्र.शा. भवन पिसेगांव, मतदान केंद्र क्र. 36 शा. प्रा. शा. कोलिहापुरी कमरा न. 01, मतदान केंद्र क्र. 33 शा.उ.मा. भवन अंजोरा पूर्व भाग, मतदान केंद्र क्र. 123 मैत्री विद्या निकेतन रिसाली कमरा न. 01, मतदान केंद्र क्र. 91 शा.प्रा.शा. भवन धनोरा के कमरा नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 126 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 24, मतदान केन्द्र क्र. 165 प्राथमिक शाला भवन उतई एवं मतदान केंद्र क्र. 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा नं. 03 में सहित कुल 10 संगवारी मतदान केंद्र शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 139 क्लब हाउस तालपुरी रूआबांधा कमरा नं. 01 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 63 प्र.शा.भवन कक्ष क्र. 01 अण्डा गांधी भाठा को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 125 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 26, मतदान केन्द्र क्र. 126 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 24, मतदान केन्द्र क्र. 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा नं. 03, मतदान केन्द्र क्र. 33 शा.उ.मा.शा. भवन अंजोरा पूर्व भाग और मतदान केन्द्र क्र. 63 शा.प्र.शा. भवन कक्ष 01 अण्डा गांधी भाठा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

# व्यापम की भर्ती परीक्षा शुरू कबीरधाम में बनाए गए 16 केंद्र




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** 29 अक्तूबर यानी आज कबीरधाम के 16 परीक्षा केंद्र में व्यापम की भर्ती परीक्षा हो रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है, जो 12.15 बजे तक चली। इस परीक्षा के आयोजन को लेकर व्यापम ने चुनाव आयोग से अनुमति ली है। जानकारी अनुसार प्रथम पाली में सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर) कार्यालय सहायक सामान्य सहायक समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) की परीक्षा होगी।

इसके बाद दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम 4:15 तक कनिष्ठ प्रबंधक, कनिष्ठ प्रबंधन संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखापाल) उपप्रबंधक सहायक प्रबंधक की परीक्षा होगी। कबीरधाम जिले में 16 परीक्षा केंद्रों में छह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। कबीरधाम जिले के पीजी कॉलेज कवर्धा, करपात्री स्कूल कवर्धा, स्वामी आत्मानंद स्कूल कवर्धा समेत अन्य स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने और परीक्षा के बाद गोपनीय सामग्री सुरक्षित जमा करने पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

# बीएसपी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें (Say no to corruption; commit to the Nation) है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 में विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, क्विज और वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्टूबर 2023 को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का उद्घाटन संयंत्र के निदेषक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया जाएगा तथा दोपहर 2.30 बजे क्विज कॉम्पिटिषन का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में संयंत्रकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों हेतु निबंध व स्लोगन कॉम्पिटिषन का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 11 बजे बजे पीजी नर्सिंग कॉलेज में तथा 01 नवम्बर, 2023 को महिला विद्यालय, दुर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 7 बजे कर्मचारियों तथा स्टेकहोल्डरों हेतु इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक वॉकथान का आयोजन किया गया है। 02 नवम्बर, 2023 को सुबह 10.30 बजे बीएसपी स्कूल, सेक्टर-7 में स्कूली बच्चों हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेताओं/ठेकेदारों/ग्राहकों के मध्य जागरूकता पैदा करने और शिकायत निवारण हेतु तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्षन सत्र का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। मैत्री बाग में स्कूली बच्चों हेतु ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 03 नवम्बर को राजहरा व हिर्री माइंस में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें निवासियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

दिनांक 04 नवम्बर, 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कला मंदिर में आयोजित किया गया है। समारोह में इस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# दुर्ग शहर विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने किया अपार जन समूह के साथ नामांकन दाखिल

### दुर्ग में फिर से कमल खिलेगा-गजेंद्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने अपार जन समूह के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में माता चंडिका की पूजा अर्चना कर रैली के रूप में दुर्ग शहर का भ्रमण कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन दाखिला किया नामांकन रैली चंडी मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए ब्राह्मण पारा कंकाली मंदिर चौक तमेर पारा चौक होटल मान चौक मोती कंपलेक्स होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे






इस अवसर पर दुर्ग शहर विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने कहा कि शहर की जनता एक कर्मठ युवा सेवाभावी युवा को प्रत्याशी बनाए जाने से प्रसन्न है व्यापक जन समर्थन को देखते हुए मेरी जितना है कांग्रेस सरकार के शासनकाल में 5 साल विधायक सिर्फ घोषणा वीर बने रहे जनता को जमीन पर विकास कहीं नहीं दिखा इससे जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुकी है और भाजपा को फिर से अवसर देने को बेचैन है मैं पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ शहर के लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहा सामाजिक कार्य में भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया इसका पूरा प्रतिसाद मुझे जनता अवश्य प्रदान करेगी। आयोजित नामांकन रैली में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्षद एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### कॉलेजों को निर्देश, 31 को मनाए राष्ट्रीय एकता दिवस

**रायपुर।** देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्र,छात्राएं 31 अक्टूबर को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ लेंगी। यूजीसी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का फैसला लिया है। इसी के तहत विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ लेंगे। यूजीसी के सचिव प्रोफेसर मनीष जोशी की ओर से गुरूवार को सभी विश्वविद्यालयों और राज्यों के शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया। इसमें लिखा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है, इसलिए सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में इस दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सबसे पहले शपथ कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें छात्र एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ लेंगे। छात्र शपथ हिंदी और अंग्रेजी या फिर क्षेत्रीय भाषा में भी ले सकते हैं। उसके बाद अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। विश्वविद्यालयों को इसकी रिपोर्ट भी तैयार करनी होगी, जोकि उन्हें यूजीसी समेत अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी।

### चुनावी मोड में बीजेपी, भाजपा ने अलग-अलग समितियों का किया गठन

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अलग-अलग समितियों का गठन कर रही है। इन समितियों के माध्यम से नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। वहीं, बड़ी संख्या में नेताओं को चुनाव संचालक की जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है।

इधर, पार्टी ने चुनाव प्रबंधन और चुनाव अभियान समिति का गठन किया है। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय को चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाया गया है। रामसेवक पैकरा और गुहाराम अजगले को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। रायपुर सांसद सुनील सोनी को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया गया है। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू और पूर्व विधायक नवीन मारकंडे को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही पार्टी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव संचालकों की भी नियुक्ति की है।

### 90 सीटों के लिए 63 आईएएस और 33 आईपीएस आब्जर्बर बनाए गए

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 90 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रशासनिक और पुलिस आब्र्जर की पोस्टिंग कर दी है। इनमें से पहले चरण के जिन 20 सीटों पर चुनाव होने हैं, वे आब्जर्बर अपने-अपने विधानसभा सीटों पर पहुंच कर कामकाज संभाल लिया है। बची 70 सीटों के आब्जर्बर 30 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेंगे। इस बार महत्वपूर्ण यह है कि जहां जरूरत नहीं है वहां दो-दो, तीन-तीन विधानसभा सीटों के लिए एक-एक आब्जर्बर की नियुक्ति की गई है। मसलन, जशपुर की तीन सीटों के लिए एक प्रशासनिक आब्जर्बर बनाया गया है। इसीलिए 90 सीटों के लिए 63 आईएएस आब्जर्बर और 33 आईपीएस आब्जर्बर अपाइंट किए गए हैं। आईएएस में 2004 बैच से लेकर 2013 बैच तक के अफसरों को प्रेक्षक बनाया गया है।

### निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे अजीत कुकरेजा रायपुर उत्तर विधानसभा के लिए खरीदा फार्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान के बाद अब सभी राजनीतिक पार्टियो में खलबली मची हुई है। चुनाव के लिए जहां बीजेपी और कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। तो दूसरी ओर अब नेताओं के बीच बागवत शुरु हो गए है। कांग्रेस ने उत्तर विधानसभा के लिए एक बार फिर विधायक कुलदीप जुनेजा को उत्तर विधानसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि कांग्रेस नेता और पार्षद अजीत कुकरेजा निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। अजीत कुकरेजा ने निर्दलीय चुनाव लडने् के लिए नामांकन फार्म भी खरीद चुके हैं। आपको बता दें कि कांग्रेस नेता अजीत कुकरेजा 3 पिछले तीन बार से पार्षद है।

बता दें कि रायपुर उत्तर से अजीत कुकरेजा ने दावेदारी ठोकी थी। लेकिन पार्टी ने उसकी जगह वर्तमान विधायक कुलदीप जुनेजा को एक बार फिर टिकट दिया है। जिससे अजीत कुकरेजा काफी नाराज चल रहे हैं।

# चुनाव से स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती अटकी, बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मुश्किलें बढ़ी

## स्कूल शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगने से पढ़ाई प्रभावित, व्याख्याता समेत अन्य 71 पदों पर संविदा भर्ती अटकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चुनाव से सबसे ज्यादा स्कूली छात्र प्रभावित हो रहे हैं। स्कूल शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लग गई है। उन्हें प्रशिक्षण के लिए आए दिन जिला मुख्यालय आना पड़ता है। उनके आने से संबंधित विषय की पढ़ाई प्रभावित होती है। जिले के 22 पुराने और पांच नए खुले स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में व्याख्याता, प्रधानपाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक समेत अन्य 71 पदों पर संविदा भर्ती होना है।



इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगवाए जा चुके हैं। विधानसभा चुनाव की वजह से प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई है। इसी वजह से भर्ती प्रक्रिया को चुनाव तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इन पदों के लिए पांच हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। सबसे ज्यादा आवेदन व्याख्याता और प्रधानपाठक पदों के लिए आए हैं। व्याख्याता और प्रधानपाठक का वेतनमान भी अच्छा है।

### जिले में 37 स्वामी आत्मानंद स्कूल

वर्तमान समय में जिले में 32 अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। इन पांच स्कूलों के खुल जाने के बाद जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल 37 हो गए हैं। बीपी पुजारी, आरडी तिवारी और शहीद स्मारक तीन स्कूलों को छोड़कर बाकि 34 स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम की पढ़ाई हो रही है। इसी तरह मायाराम सुरजन, जेआर दानी, जेएन पांडेय और माधव राव सप्रे स्कूल चार हिंदी माध्यम के स्कूल है। हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों को मिलाकर जिले में 37 स्कूलों में पढ़ाई हो रही है।

### दसवीं-12वीं में कई स्कूलों का नहीं खुला खाता

जिले में खुल रहे पांच नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के लिए काफी संख्या में आवेदन मिले हैं। लेकिन दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के लिए आवेदन बहुत कम मिले हैं। कई स्कूलों का खाता भी नहीं खुला है। जिन कक्षाओं में सीटों से ज्यादा आवेदन मिले हैं, वहां पर लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। नए शुरू हो रहे माधवराव सप्रे शाला, त्रिमूर्ति नगर, भनपुरी इन स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी।

### कई स्कूलों में मुख्य विषयों के शिक्षक नहीं


जिले के कई स्कूल ऐसे हैं, जहां पर गणित, भौतिकी, वाणिज्य जैसे मुख्य विषयों के भी व्याख्याता नहीं हैं। चुनाव के बाद स्कूलों में व्याख्याताओं की भर्ती होगी। दो महीने बाद तुरंत बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

ऐसे में छात्रों के समय बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर संकट खड़ा हो गया है। स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के कारण छात्रों को पढ़ाने वाला कोई नहीं है। बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को समय मिल जाएगा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर ऑनलाइन संरक्षा सेमिनार का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 28 अक्टूबर 2023 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार, यांत्रिक तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ ऑनलाइन संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं ऑन अवस्था में ऑटो सिग्नल को पर करना, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं स्टेशनों के बीच ऑटो सिग्नल की विफलता के दौरान स्टेशन मास्टर द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और सावधानियां, शीतकालीन सावधानियां एवं समपार फाटक पर गेटकीपर का कर्तव्य, ट्रेन पारटिंग एवं अन्य लाइन अनियमित के बचाव के लिए चालक, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, प्वाइंट्स एवं सिग्नल फेल्योर के दौरान स्टेशन एवं सिग्नल कर्मचारियों द्वारा ली जाने वाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं ट्रेन में आग से बचाव तथा अग्निशमन यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन।

इस संरक्षा सेमिनार में डॉ. डीएन विश्वाल, वरि मंडल संरक्षा अधिकारी, रायपुर तथा संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 53 लोगों ने संरक्षा संगोष्ठी में भाग लिया।

### रायपुर में 10 लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी

# 30 को मेगा शट डाउन से सप्लाई रहेगी बाधित

**रायपुर।** दीवाली के दौरान पेयजल की किल्लत से लोगों को बचाने के लिए निगम ने तैयारी शुरू कर ली है। फिल्टर प्लांट स्थित 150 एमएलडी प्लांट के इंटकवेल में 1400 एमएम व्यास के रा वाटर एमएस में पाइप लाइन में आए लीकेज का मरम्मत किया जाएगा, जो कि दिनभर चलेगा।

सप्लाई की मेन लाइन में लीकेज की समस्या को सुधारने के लिए 30 अक्टूबर को मेगा शट डाउन लिया जा रहा है।

इस दौरान शहर की 30 टंकियों से पानी की सप्लाई 30 अक्टूबर की शाम और 31 की सुबह नहीं की जाएगी। वहीं, 12 घंटे के इस मरम्मत कार्य के बाद शाम को पहले की भांति पानी की सप्लाई करने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से शहर की तकरीबन 10 लाख आबादी प्रभावित होगी। वहीं, इस मेगा शट डाउन के रहते ही बिजली विभाग द्वारा 33 केवी लाइन में भी मरम्मत कार्य किया जाएगा।

वहीं, राजेंद्र नगर की 32 लाख लीटर की टंकी में 500 एमएम व्यास का वाल्व बदलने और पुरानी सीआई एवं एसी पाइप लाइन को अमृत मिशन के तहत बिछाई गई नवीन डीआई पाइप लाअन से



इंटरकनेक्शन करने का भी काम किया जा रहा है। जिसकी वजह से गुरुवार शाम से लेकर शुक्रवार की सुबह तक सप्लाई बाधित रहेगी और शाम से पानी की वापस से सप्लाई की जाएगी। इसकी वजह से चार से साढ़े चार हजार घरों में पेयजल की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### दीपावली में परेशानी से बचने कार्ययोजना

दीवाली के दौरान शहर में पेयजल की खपत बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पिछले कई दिनों से हुए फिल्टर प्लांट के लीकेज को सुधारने के लिए शट डाउन लेने का निर्णय लिया गया है। ताकि दीवाली सहित त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना शहर के लोगों को न करना पड़े। निगम के अफसरों के अनुसार 30 अक्टूबर को लिए जा रहे शट डाउन की वजह से शहर की एक बड़ी आबादी प्रभावित होगी।

# भाजपा की पूर्व रमन सरकार 15 साल तक लगातार करती रही आदिवासियों का शोषण

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आदिवासियों को लंगोट में रखने का षड़यंत्र तो भाजपा ने कर रखा था। भाजपा कभी नहीं चाहती कि आदिवासी वर्ग आर्थिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बने। भाजपा आदिवासियों का और उनकी संस्कृति का हमेशा से दमन करना चाहती है। भाजपा यदि आदिवासियों का हित चाहती तो अभी तक आदिवासी समाज का आरक्षण बिल 10 माह से ज्यादा समय से राजभवन में अटका हुआ नहीं होता। कोर्ट ने आदिवासी समाज का आरक्षण 32 प्रतिशत से घटाकर 20 कर दिया था। कांग्रेस सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आदिवासी समाज का आरक्षण फिर से 32 प्रतिशत किया, ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत, एससी का 13 प्रतिशत तथा ईडब्ल्यूएस का 4 प्रतिशत आरक्षण किया। यह आरक्षण संशोधन विधेयक भाजपा की साजिश एवं षडयंत्र के कारण पिछले 10 माह से राजभवन में रोका गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार के 15 साल के दौरान सबसे ज्यादा पीड़ित, प्रताड़ित और शोषित आदिवासी वर्ग ही था। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने के लिए उनके कानूनी अधिकारों का हनन करने का काम भाजपा सरकार करती रही। 15 सालों में रमन सरकार ने आदिवासियों की 90000 एकड़ से अधिक जमीन पूंजीपतियों को सौंप दी। आदिवासी वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उनके मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी प्रकार से काम नहीं किया गया था। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी का वायदा किया था, पूरा नहीं किया।

# सोने-चांदी की कीमतों में फिर से तेजी, पांच दिनों में 1000 रुपये हुआ महंगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से इन दिनों सोने-चांदी की कीमतों में फिर से तेजी आने लगी है। बीते पांच दिनों में ही सोना 1000 रुपये महंगा हो गया है और शनिवार को रायपुर सराफा बाजार में सोना प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) 63500 रुपये रहा। इसके साथ ही चांदी भी 500 रुपये उछलकर 74500 रुपये प्रति किलो हो गई।

सराफा के जानकारों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिनों में इनकी कीमतों में और तेजी की ही उम्मीद है, क्योंकि अब सराफा बाजार में भी त्योहारी मांग बढ़ने लगी है। शुभ दिनों के लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गई है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा कि सोना-चांदी की



कीमतों में लगातार वृद्धि इजराइल एवं फिलिस्तीन लड़ाई जारी रहने के कारण है। युद्ध और लंबा खींचने की आशंका के चलते ही शेयर बाजार में भी गिरावट है,साथ ही निवेशक व स्टाकिस्ट शेयर से पैसा निकालकर सोने में कर रहे है। इसके चलते दोनों कीमती धातुओं में जबरदस्त तेजी आ रही है।

### संस्थानों में गहनों की नई रेंज

सराफा संस्थानों में उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए टेंपल ज्वेलरी, कुंदन, पोलकी, नेकलेस, हार, कंगन के साथ ही आकर्षक डिजाइनों वाले गहने उपलब्ध है। इसके साथ ही चांदी के गिफ्ट आइटम आए हुए है। पुष्य नक्षत्र व धनतेरस की तैयारी जोरों पर है। ब्रांडेड ज्वेलरी कंपनियों द्वारा ग्राहकों को लुभाने आभूषणों की बनवाई में 50 फीसद तक छूट दी जा रही है। इसके साथ ही कुछ संस्थानों द्वारा त्योहारों के दौरान उपहार योजना भी चलाने की तैयारी है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## फिल्म अपूर्वा से तारा सुतारिया का पहली झलक आई सामने



बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और तब से अपने करियर में आगे बढ़ती गईं हैं। इसके बाद, एक्ट्रेस अपूर्वा के लिए तैयारी कर रही है, जिसे फिल्म मेकर निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित एक सर्वाइवल थ्रिलर प्रोजेक्ट कहा जाता है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से अभिनेत्री तारा सुतारिया का पहला लुक रिलीज कर दिया हैं। साथ ही फैंस को इस फिल्म से राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी की एक झलक दिखाते हुए मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया हैं। ये फिल्म 15 नवंबर से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए पुरी तरह से तैयार हैं। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसके पोस्टर की मदद से फिल्म से सुतारिया का पहला लुक भी जारी कर दिया हैं। पोस्टर में अभिनेत्री को एक दिलचस्प अवतार में देखा जा सकता है क्योंकि उनके हाथ में खून से सना हुआ एक बड़ा चाकू है। तारा सुतारिया का यह लुक इसके फऐंस के बीच खलबली पैदा कर रही हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, सुतारिया ने बताया कि यह फिल्म एक साधारण लड़की की शक्तिशाली और रोमांचक कहानी है, जिसका साहस एक दिलचस्प यात्रा तय करता है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से अभिनेता अभिषेक बनर्जी और राजपाल यादव का लुक भी जारी कर दिया हैं। फिल्म में दिखाई गई झलक में इन दोनों को सुतारिया के साथ देखा जा सकता है। फिल्म में अपने किरदार के बारे में चर्चा करते हुए, बनर्जी ने बताया की ये कितना खतरनाक है और यह भी कहा कि उन्हें पहली कहानी में स्क्रिप्ट आकर्षक लगी।


# चॉकलेट ज्यादा पसंद है तो हो जाएं सावधान, इसमें पाए जाते हैं लेड और कैडमियम जैसे जानलेवा पदार्थ



**हाल ही में एक अध्ययन में पाया गया कि चॉकलेट में लेड और कैडमियम जैसी हानिकारक भारी धातुएं होती हैं। ये धातुएं बच्चों के लिए बहुत खराब होती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में।**

हाल ही में अमेरिका के एक संगठन ने 48 चॉकलेट के उत्पादों की जांच की। इस जांच में पाया गया कि लगभग एक-तिहाई यानी 16 चॉकलेट उत्पादों में लेड और कैडमियम जैसी हानिकारक धातुओं की मात्रा बहुत ज्यादा यानी खतरनाक स्तर पर थी। शरीर में लेड की मात्रा बढ़ जाने से बच्चों का दिमागी विकास ठीक से नहीं हो पाता। लेड की वजह से बच्चों का दिमाग छोटा रह जाता है। बच्चे मानसिक रूप से स्थायी रूप से बीमार हो सकते हैं। कई बार तो मानसिक संतुलन ही पूरी तरह बिगड़ जाने का खतरा रहता है। चॉकलेट में लेड और कैडमियम जैसे हानिकारक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। इससे बच्चों को भी उच्च रक्तचाप की समस्या हो सकती है। इसलिए चॉकलेट का अधिक सेवन बच्चों के लिए बहुत हानिकारक है। चॉकलेट में मौजूद सीसा और कैडमियम गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान इन धातुओं का सेवन गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क और शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। अध्ययन में पाया गया कि कई चॉकलेट में लेड और कैडमियम जैसी भारी धातुओं की मात्रा बहुत ज्यादा थी। ये धातुएं गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। लंबे समय तक लेड खाने से दिमाग को नुकसान, किडनी की बीमारी और उच्च रक्तचाप जैसी परेशानियां हो सकती हैं। लंबे समय तक कैडमियम खाने से हड्डियों का नुकसान, फेफड़ों और लीवर को नुकसान पहुंच सकता है। ये धातुएं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों का भी कारण बन सकती हैं।

# गर्दन काली पड़ गई है तो अपनाएं यह घरेलू टिप्स, चुटकियों में हो जाएगी साफ



हम लोग अक्सर अपने चेहरे की देखभाल का ख्याल रखते हैं। रोज सुबह-शाम फ़स वॉश करते हैं लेकिन गर्दन की सफाई करना भूल जाते हैं। ऐसे में गर्दन पर धीरे-धीरे गंदगी जमने लगती है और यह काला पडने़ लगता है। या फिर गर्मियों के मौसम में धूप के कारण कई लोगों की गर्दन काली पड़ जाती है। गर्दन की काली त्वचा न सिर्फ बदसूरत लगती है बल्कि कई तरह की स्किन समस्याएं भी पैदा कर सकती है। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय आजमाना चाहिए ताकि गर्दन की रंगत फिर से साफ और चमकदार हो सके। हल्दी, नींबू, बेकिंग सोडा जैसी कुछ चीजें इस समस्या से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित हो सकती हैं।

### नींबू का रस

नींबू का रस गर्दन के कालेपन को कम करने में मदद करता है। निम्बू का रस गर्दन पर लगाएं और उसे 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर धोलें। इसको हफ्ते में एक या दो बार करें।

### हल्दी और दही का पैक

हल्दी में गर्दन के कालेपन को कम करने के लिए और दही में त्वचा को सॉफ्ट बनाने के गुण होते हैं। एक छोटी सी चम्मच हल्दी को दो चम्मच दही के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को गर्दन पर लगाएं, फिर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में धोलें।

### आलू के रस का उपयोग

आलू के रस को गर्दन पर लगाने से भी गर्दन के कालेपन को कम किया जा सकता है। आलू को घिसकर रस निकालें और इसे गर्दन पर लगाएं, फिर धोलें।

### बेकिंग सोडा और नमक

एक थोड़ी सी मात्रा में बेकिंग सोडा और नमक को गर्दन के कालेपन पर मिलाकर मालिश करें, फिर पानी से धो लें। यह एक प्रकार की प्राकृतिक एक्फोलिएटर का काम करता है।

### हेडबैंड या स्कार्फ का उपयोग

धूप में बिना हेडबैंड या स्कार्फ के बिना न जाएं, क्योंकि धूप की अधिकतम गर्मी गर्दन के कालेपन का कारण बनती है। पर्यापन रूप से पानी पीना हमारी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए अपने शरीर को पर्यापन रूप से हाइड्रेट रखें। ताकि स्किन अच्छा रहे। इन स्किनकेयर रुटीन को अपना कर आप अपने गर्दन की त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

# फिटनेस प्रेमी हैं शो मीत की अभिनेत्री आशी सिंह




**शो मीत में नजर आने वाली अभिनेत्री आशी सिंह ने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा कि वह फिट रहने के लिए हर सुबह वर्कआउट करना पसंद करती हैं। निश्चित रूप से काम की प्रतिबद्धताओं बीच फिट और स्वस्थ रहना कठिन है। लेकिन आशी हर चीज को संतुलित करने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालती हैं।**

आशी ने कहा, मैं अपने दिन की शुरुआत सुबह 6 बजे वर्कआउट से करती हूं जो मुझे ऊर्जा से भर देता है। मैं जिम में विभिन्न तकनीकें सीख रही हूं। इसके अलावा यह मेरे लिए तनाव कम करने का तरीका बन गया है। जब मैं जिम में होती हूं, तो मेरा सारा तनाव और थकान गायब हो जाती है। यह मेरा नया प्यार है और मैं अपने फिटनेस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्सुक हूं। वर्कआउट करने से मुझे फिट दिखने में मदद मिलती है,भले ही लंबे समय तक शूटिंग करनी पड़े। 16 साल की छलांग के बाद दर्शक मीत की बेटी, सुमीत (आशी सिंह) की कहानी से आकर्षित हो गए हैं, जो अपनी मां के नाम को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है। मीत जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# रिवीलिंग ड्रेस पहन केट शर्मा ने करवाया हॉट फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती है तो अक्सर इंटरनेट पर तहलका मच जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने कैमरे के आगे अपना हुस्न चमकाया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी लुक देख फैंस आहें भर रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती है तो अक्सर इंटरनेट पर तहलका मच जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने कैमरे के आगे अपना हुस्न चमकाया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी लुक देख फैंस आहें भर रहे हैं। इन तस्वीरों में केट शर्मा की हॉटनेस देखकर लोग एक बार फिर से दंग रह गए हैं। एक्ट्रेस जब भी अपना लुक फैंस के बीच साझा करती हैं तो लोगों की नजरें उन पर से हट पाना मुश्किल हो जाता है। केट शर्मा ने अपने फोटोशूट के दौरान सिल्वर कलर का रिवीलिंग शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी हर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही वायरल होने लगती हैं। केट शर्मा ने इन फोटोज में सोफे में बैठकर एक से बढ़कर एक पोज देते हुए लोगों का ध्यान अपनी ओर रिझा दिया है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। आपको बताते चलें कि अदाकारा केट शर्मा का ये अंदाज बेहद बोल्ड और बेबाक है, जिसमें वो काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं।



## आर्या में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन

क्राइम थ्रिलर आर्या 3 में एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का किरदार आर्या सरीन एक बेहतरीन पावरहाउस हैं, जिसमें ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है। सुष्मिता ने कहा, पहले सीजन से ही वह शो चलाने वाली सिंगल मदर हैं। सुष्मिता ने कहा, मेरा किरदार आर्या बहुत मजबूत है। उसमें दर्द सहने की क्षमता है। वह काफी हद तक शांत है। जब तक जरूरी न हो, वह रिएक्ट करना नहीं बल्कि रिस्पॉन्ड देना पसंद करती है। मैं वैसे ही बनी हूं, लेकिन उसने मुझसे ज्यादा विश्वासघात देखा है, इसके लिए भगवान का शुक्र है, मैंने अपनी लाइफ में अच्छे लोग देखे हैं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस शो में वह अच्छे लोगों से मिलेंगी, जिससे उनके जीवन में कुछ आशा, कुछ रोमांस वापस आ जाएगा।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# संजय निरुपम बोले- छत्तीसगढ़ सरकार ने पेश किया देश में आरक्षण नीति का नया रोल मॉडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम ने जगदलपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से अब तक का स्वर्णिम 5 वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य रहा तो वह पिछले 5 वर्ष का रहा यह निष्कर्ष तीन-चार महत्वपूर्ण विषयों पर नजर डालें तो निकाल कर सामने आता है। यदि छत्तीसगढ़ की पूरी राजनीति पर नजर डालें तो वह धान किसानों के इर्द-गिर्द ही नजर आती है।

छत्तीसगढ़ का सामाजिक जीवन यदि आश्रित है तो वह खेती किसानी और खास करके धन के कृषकों पर आश्रित होता है। पिछले 5 वर्षों में किसानों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने जो किया वो अप्रत्याशित कार्य है, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पिछले चुनाव में राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आए थे। तब उन्होंने घोषणा की थी कि छत्तीसगढ़ के धान किसानों को धान खरीद मूल्य 2500 प्रति क्विंटल दिया जाएगा और किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

उस समय भाजपा के लोग राहुल गांधी का उपहास उड़ाते नजर आ रहे थे। परंतु प्रदेश का किसान राहुल गांधी की घोषणा पर विश्वास जताया और हमें पूर्ण बहुमत की सरकार दी और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने उसे विश्वास को बनाए रखते हुए सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ किया और धान का समर्थन मूल्य 2500 से भी अधिक 2640 रुपये करके दिखाया और यही छत्तीसगढ़ मॉडल का सबसे बड़ा आकर्षण स्तंभ है।




छत्तीसगढ़ मॉडल का दूसरा सबसे बड़ा आकर्षण जो रहा वह छत्तीसगढ़ के वनांचल जो की आदिवासी क्षेत्र है जिसे भाजपा के शासनकाल में नक्सलवाद क्षेत्र बना दिया गया। वहां सबसे ज्यादा यदि किसी वनोपज का उठाओ है तो वह है तेंदू पत्ता जिसे भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में 2500 मानक बोरा के दर से खरीदा जाता था। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार आते ही उसे 4000 प्रति मानक बोरा किधर से खरीदी करना रहा साथ ही साथ 67 अन्य वन उपज को एमएसपी पर खरीद कर छत्तीसगढ़ सरकार ने वनांचल के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य किया।

छत्तीसगढ़ मॉडल का तीसरा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा तो वह नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की नीतियां रही छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने नक्सलवाद को एक चुनौती के रूप में लेते हुए कोई आक्रामक रूप नहीं अपनाया। अपितु किस तरह से नक्सली विचारधारा के लोगों को मुख्य धार में जोड़ा जाए। इस ओर कदम बढ़ाया आज परिणाम देश के सामने है। लगातार नक्सलवाद सिकुड़ते चला जा रहा है और पिछले 5 वर्षों में अब तक तकरीबन 2000 से ज्यादा नक्सली गतिविधियों में लिप्त लोगों ने सरकार के सामने आत्मसमर्पण करते हुए मुख्य धारा को अपनाया है। वहीं कहीं ना कहीं पिछले 15 वर्ष से नक्सलवाद के नाम पर 2000 से ज्यादा बेगुनाह आदिवासियों को जेल से रिहा करा कर बस्तर के ग्रामीणों का दिल जीतने का कार्य भी भूपेश बघेल की सरकार ने किया।

छत्तीसगढ़ मॉडल का चौथा सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा तो वह छत्तीसगढ़ की महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार से जोड़ने का रहा, स्व सहायता समूह के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महिलाएं खास करके ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वहीं बात की जाए तो देश में आज की समय में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। आज देश में बेरोजगारी दर तकरीबन 8 प्रतिशत से अधिक है। वहीं छत्तीसगढ़ की बात की जाए तो पॉइंट 1 फीसदी छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर आज के समय में है। जहां एक देश में बेरोजगारी दर 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर में अत्यधिक गिरावट या दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को युवाओं को रोजगार और2500 बेरोजगारी भत्ता देने का कार्य किया है।

छत्तीसगढ़ मॉडल का एक और आकर्षण का केंद्र रहा बिजली बिल हाफ योजना। जब हम चुनाव में उतरे थे। उसे समय राहुल गांधी ने वादा किया था किसानों का कर्ज माफ बिजली बिल हाफ और साफ इन तीन वादों में से दो वोदों को कांग्रेस की सरकार बनते ही हमने पूरा किया। किसानों का कर्ज माफ के साथ में प्रदेश में बिजली बिल हाफ किया। वहीं प्रदेश की जनता ने तीसरे वादे को पूरा करते हुए भाजपा को साफ किया, प्रदेश के लगभग 44 लाख परिवारों को 4000 करोड़ से ज्यादा बिजली बिल माफ का फायदा मिला। वो भी सिर्फ पांच सालों में।

संजय निरुपम ने कहा गोबर खरीदी की जो सोच छत्तीसगढ़ सरकार ने लेकर के आई वह सोच पूरे देश में पिछले 50 वर्ष में किसी भी सरकार ने नहीं सोचा आज अगर आप देखेंगे तो छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी योजना को प्रदेश जैसे राज्य भी अपने राज्य में लागू कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को यह विश्वास दिलाया। यह प्रदेश की जनता की सरकार है आपकी सरकार है और इस सरकार में प्रदेश का कोई वर्ग विकास के इस रोल मॉडल से अछूता नहीं रह सकता।

छत्तीसगढ़ की सरकार ने जो आरक्षण की जो नई नीति पेश की है। वह आज देश के लिए नया रोल मॉडल बन चुकी है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने विधानसभा में आरक्षण संशोधक विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया। परंतु पिछले 9 महीना से यह विधेयक राज्यपाल के दफ्तर में जस का तस रखा हुआ है। कानून में तब्दील करने में राज्यपाल ने रोक लगाई रखी है। इस आरक्षण विधेयक के अंतर्गत एस टी समुदाय को 32 फीसदी एस सी समाज को 13 फीसदी, ओबीसी 27 फीसदी। वहीं ईबीसी के लिए 4 फीसदी के साथ कुल मिलाकर 76 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। जिसे पिछले 9 महीने से राज्यपाल ने रोक कर रखी है और केंद्र सरकार को लगातार पत्र लिखने के बावजूद भी वह चुप्पी साधे बैठी है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण विरोधी पार्टी है।

## खास खबर

### विधायक धनेन्द्र साहू के खिलाफ सतनामी समाज ने की थाने में शिकायत

**रायपुर।** सतनामी समाज के लोगों ने विधायक धनेंद्र साहू पर सतनामी समाज की भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए अभनपुर थाने में लिखित शिकायत की है और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सतनामी समाज अभनपुर के अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे के नेतृत्व में 18 अक्टूबर को एक दर्जन से अधिक बसों में अभनपुर क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में सतनामी समाज के लोग गिरौदपुरी दर्शन करने गए थे, जहां प्रशासन ने 1-1 बस की बारीकी से तलाशी ली। इसके बाद रायपुर के कांग्रेसी नेता देवा देवांगन ने अभनपुर तहसील में एक लिखित शिकायत कर उक्त गिरौदपुरी भ्रमण को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर तहसील कार्यालय ने जितेंद्र बंजारे को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अध्यक्ष बंजारे को नोटिस मिलने से सतनामी समाज के लोग आक्रोशित हो गए हैं और गिरौदपुरी में बसों की चेकिंग को और अध्यक्ष बंजारे को नोटिस दिए जाने को अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू का कृत्य बताया है। मामले में विधायक साहू के उक्त कृत्य को सतनामी समाज के लोगों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए शनिवार को अभनपुर थाने में एक लिखित शिकायत देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन

**कोरबा।** मतदाता जागरूकता हेतु कोरबा जिले के विभिन्न महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 4 में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर आगामी विधानसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान के लिए पुरानी बस्तीवासियों को प्रेरित किया गया। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक चमन पटेल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मतदाता परिचय पत्र बनवाने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में जाकर मताधिकार की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। सभी लोगों को भयमुक्त रहकर सुदृढ़ लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान करने का अनुरोध किया। स्वयंसेवकों ने एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए बस्ती वासियों को संविधान प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करने के लिए सक्रियता से आगे बढ़कर भाग लेने हेतु समझाइश दिया। कमला नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने सभी स्वयंसेवकों व उपस्थित लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने घर व मुहल्लों में लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। जिला संगठक वाय के तिवारी ने भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा रासेयो स्वयंसेवकों को मतदान दिवस पर मतदाता मित्र के रूप में वरिष्ठ तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने तथा अन्य मतदाताओं को सहयोग करने के निर्णयों से अवगत कराया। नाटक में महाविद्यालय के मनीष चन्द्र, सनी राव जगताप, चमन पटेल, काजल कर्ष, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की अमरावती, आरती साहू, रोशनी उपाध्याय, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की राधिका कश्यप, रश्मि बिरको, शासकीय ई वि पीजी कॉलेज कोरबा के सुषमा बंजारे, राकेश कुमार डाइट के प्रदीप सिंह कंवर, कोमल सिंह कंवर ओमप्रकाश आदि स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में नेट मॉडल परीक्षा का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट की मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट का आयोजन किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अंर्तमहाविद्यालयीन स्तर पर मॉडल टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले विभिन्न महाविद्यालयों से 59 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



इस मॉडल परीक्षा में कु. टिटदीप मरकाम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव वर्मा एवं कु. रेणुका ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सभी प्रतिभागियों को परीक्षापयोगी सामग्री से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि साईंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. आर. एन. सिंह कहा कि इस तरह के मॉडल टेस्ट परीक्षाओं में सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं और अभ्यास के द्वारा विद्यार्थियों को निर्धारित समय में अधिक से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने अर्थशास्त्र विभाग की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सभी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को हिस्सा लेना चाहिए, जो उनके कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप ने परीक्षा के संचालन में सक्रीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए।

## अरुण साव बतायें सांसद के तौर पर उनकी क्या उपलब्धि रही - कांग्रेस

- **झूठ, जुमला, कुशासन और वादाखिलाफी भाजपा का पर्यायवाची बन चुका है**
- **जनता से धोखा और अडानी परस्त नीतियां ही भाजपा का राजनैतिक चरित्र है**

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि झूठ, जुमला, कुशासन और वादाखिलाफी भाजपा के पर्यायवाची बन चुके है। अरूण साव से छत्तीसगढ़ की जनता यह जानना चाहती है कि सांसद के तौर पर पिछले साढ़े 4 साल में उनकी क्या उपलब्धि है? भाजपा के 2003, 2008 और 2013 के घोषणा पत्र, रमन सिंह के 15 साल की वादाखिलाफी, मोदी के साढ़े 9 साल के कुशासन और जुमला पत्र पर भाजपाई कब बात करेंगे? जब केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस देने में प्रतिबंध लगाया, यह कहा कि एमएसपी के अतिरिक्त एक रुपया भी अतिरिक्त नहीं देंगे, तब भी अरूण साव मौन रहे। दलीय चाटुकारिता में अरूण साव तब भी चुप रहे जब मोदी सरकार ने अपने मित्र अडानी के कोयले का परिवहन करने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 63 हजार से अधिक ट्रेनें निरस्त कर दिए, अडानी के मुनाफे के लिए सीआईएल और एसईसीएल की कोल खदानों में खनन का कार्य मोदी के मित्रों को दबावपूर्वक दिए गए तब भी भाजपा सांसद मौन थे। हसदेव अरण्य और तमोर पिंगला के अति महत्वपूर्ण जैव विविधता संपन्न क्षेत्र में नो गो एरिया को संकुचित कर कोल खनन की अनुमति केंद्र की मोदी सरकार ने दी, तब भी छत्तीसगढ़ के भाजपाई छत्तीसगढ़िया हितों को दरकिनार कर मूक सहमति जताए। अब चुनाव नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं भाजपाई।

## छत्तीसगढ़ में बनाए जाएंगे 900 संगवारी मतदान केंद्र

- **संगवारी मतदान केंद्रों में महिला अधिकारी-कर्मचारी कराएंगे मतदान, सुरक्षा व्यवस्था भी संभालेंगी महिलाएं**
- **महिलाओं, विकलांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए चुनावों को और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने किए जा रहे हैं विशेष प्रयास**

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को महिलाओं, विकलांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 900 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल और सुरक्षा बल सहित अन्य स्टॉफ महिलाएं होंगी।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला सुरक्षा बल को सौंपी जाएंगी। इनके साथ ही पोलिंग बूथ की निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटोग्राफी महिलाओं द्वारा की जाएगी। श्रीमती कंगाले ने बताया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ऐसे विधानसभा क्षेत्र जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है तथा पिछले निर्वाचन के दौरान कम मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों में विशेष रूप से संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

## वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारियां

- **वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। दो चरणों में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं।

सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप (Voter Helpline App) की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि यह एक बहुउपयोगी एप है। यह एंड्रॉयड (Android) एवं आईओएस (iOS) दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है।

इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

### एनआईटी रायपुर में आवर्तन 23-24 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में कल संस्थान के वार्षिक तकनीकी उत्सव आवर्तन'23-24 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम संस्थान की टेक्निकल कमिटी टेक्नोक्रेसी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य तकनीक और रचनात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. एस. बजाज रहे। कार्यक्रम में संस्थान के करियर डेवलपमेंट सेंटर (सी.डी.सी.) के प्रमुख डॉ. समीर बाजपई, डीन (छात्र कल्याण) डॉ.नितिन जैन, टेक्नोक्रेसी समिति के संकाय प्रभारी डॉ. मनु वर्धन, आवर्तन के संकाय प्रभारी डॉ. अनुज शुक्ला एवं अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

Jaquar Roca Parryware Wow, what a bathroom! AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# रायपुर के कबाड़ यार्ड में लगी आग, दूर से दिखाई दी ऊंची लपटें, 4 दमकल ने आग पर पाया काबू

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के गोंडवारा स्थित एक पुराने कबाड़ के यार्ड में देर रात भीषण आग लग गई। ये आग इतनी भयानक थी की धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। फिलहाल आग लगने की वजह और इसमें हुए जान-माल के नुकसान की बात सामने नहीं आ पाई है। आग पर काबू पाने के लिए चार दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ये कबाड़ का यार्ड रायपुर के गोंडवारा इलाके के सड़क से कुछ दूरी पर स्थित है। यहां पर पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान और प्लास्टिक के समान भरे हुए थे। इस बीच घटनास्थल के आस-पास भी कुछ लोग मौजूद थे। उन्हें यार्ड के एक छोर में आग की लपटें उठती दिखाई दीं। वे हड़बड़ा कर कुछ समझ पाए इसके पहले ही आग भड़क उठी।

### आसपास मौजूद सामानों को लिया अपनी चपेट में

आग जैसे ही तेज हुई। आसपास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामानों और डंप पड़े सामानों में वह तेजी से फैल गई। इस आग की वजह से



### आग लगने की वजह स्पष्ट नही

फिलहाल इस पूरी घटना का खमतराई पुलिस जांच कर रही है। अब तक आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है। हालांकि ये बताया जा रहा है कि इस आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट एक वजह हो सकती है।

### आसपास कुछ गाड़ियां ट्रक भी खड़ी थी

इस कबाड़ यार्ड के आसपास माल ढोने के लिए कुछ ट्रक भी मौजूद थी। जो सामान के ट्रांसपोर्ट के लिए पहुंची थी। यदि समय रहते इस आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना की संभावना हो सकती थी।

आसमान में दूर तक धुएं का गुबार दिखने लगा। इसके बाद आस-पास के इलाकों में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। इसके बाद मौके पर 4 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कुछ घंटों में आग पर काबू पा लिया।

## खास-खबर

### लोन देकर युवक को धमकाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

**बैकुंठपुर (ए)।** गांव में घर बनवाने के लिए पार्षद से 10 प्रतिशत ब्याज पर दो लाख रुपए कॉलरीकर्मी ने उधार लिए, लेकिन अब पार्षद 10 लाख रुपए की कर प्रार्थी को डरा-धमका रहा है। इससे परेशान चरचा निवासी एसईसीएल कर्मी गोराचंद्र ने पार्षद प्रदीप राजवाड़े के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोराचंद्र दो साल पहले अपने पैतृक गांव गोबरा जिला जांजगीर में घर बनवा रहा था। इस समय उसने पार्षद प्रदीप राजवाड़े दो लाख रुपए 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे।

कर्ज देते समय आरोपी ने एक सादे स्टाम्प पेपर में हस्ताक्षर कराने के साथ ही ग्रामीण बैंक के खाता का ब्लैंक चेक लिया था, लेकिन 15 दिन बाद ही 50 हजार रुपए की मांग करने लगा। जबकि हर महीने ब्याज समेत मूलधन देने की बात दोनों के बीच तय हुई थी। आरोपी ने 4 सितम्बर प्रार्थी के ग्रामीण बैंक में चेक लगाकर एक लाख दस हजार रुपए निकाला। साथ ही डराने व धमकाने भी लगा। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी द्वारा चेक के माध्यम से 1 लाख 10 हजार और बेटे के फोन से 12 अक्टूबर को 10 हजार से भुगतान किया।

### अवैध शराब बेचते तीन कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले तीन कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 49 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 810 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने ग्राम कोपेडीह में अवैध शराब बेचते आरोपी सोमनाथ साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम गोढ़ी स्थित रिम्स अस्पताल के पास आरोपी गजलाल बैस 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने दोंदेखुर्द में अवैध शराब बेचते आरोपी बनवाली कोसले 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 140 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**अंबिकापुर (ए)।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत पटपरिया इलाके में जुआ खेलते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके फड़ सें 64 सौ रुपए पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस की टीम शुक्रवार रात पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान पटपरिया चौक के पास स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते कुछ लोग दिखे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर केवप प्रसाद, दुतेंद्र बहादुर, अतिश सोनी व अमित मानिकपुरी को धर-दबोचा। इनके फड़ से 6490 रुपए मिले, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर (ए)।** रायपुरा चौक ओव्हरब्रीज के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अख्तर मोहम्मद 32 वर्ष ईदगाहभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी असरफ अली ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया।

# ज्वेलरी दुकान के पूर्व कर्मचारी ने ही किया था सोने का हार चोरी, गिरफ्तार





**रायपुर।** राजधानी के मोवा क्षेत्र में दशहरा की रात एक ज्वेलरी दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ज्वेलरी दुकान का पूर्व कर्मचारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से लाखों रूपए के सोने के हार बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा में स्वरूपचन्द ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी दुकान संचालित करने वाले सेक्टर 5 टैगोर नगर निवासी सिद्धार्थ बेगानी ने पंडरी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व होने के कारण वह दुकान को दोपहर करीब 2 बजे बंद कर घर चला गया तथा अगले दिन 25 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे दुकान में काम करने वाला कर्मचारी देवेन्द्र निर्मलकर दुकान खोलने गया तो देखा कि दुकान के शटर में लगा ताला नहीं था तथा सेन्ट्रल लॉक खुला था। काउंटर के डिस्प्ले का कांच टूटा था जिसमें लगा हुआ सोने का 3 नग हार नहीं था। जिसके बाद उसने इसकी सूचना सिद्धार्थ को दी। सिद्धार्थ ने दुकान जाकर देखा तो डिस्प्ले में लगा हुआ 3 नग सोने का हार नहीं था। जिये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से पृथक-पृथक पूछताछ करने के साथ ही पूर्व में दुकान में काम छोड़ चुके कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर तस्दीक करते हुए अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारी सूरज कुमार मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम पाड़ाभाट थाना खरोरा से पूछताछ करने पर वह बार-बार अपना बयान बदलता था तथा अलग-अलग प्रकार की कहानियां बनाकर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर वह ज्यादा देर अपने झूठ के सामने टिक न सका और अंततः चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी सूरज कुमार मानिकपुरी को गिरफ्तार किया।

# बॉर्डर पर पुलिस तैनात इसलिए ट्रेन से तस्करी, एसी बोगी में 24 किलो गांजे के साथ 2 पकड़ाए

**बिलासपुर (ए)।** विधानसभा चुनाव के कारण अंतरराज्यीय व जिलों के बॉर्डर पर पुलिस तैनात होने के कारण गांजा तस्कर ट्रेन रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ ही दिनों में दर्जनभर मामले सामने आ चुके हैं, जब तस्करों को सफर के दौरान ट्रेनों में या रेलवे प्लेटफॉर्म पर पकड़ा गया है। अब हीराकुंड एक्सप्रेस के एसी-टू कोच में झारसुगुड़ा से सतना जा रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 24 किलो गांजा बरामद हुआ है। गांजे की कीमत 4.80 लाख है। जीआरपी की



एंटी क्राइम यूनिट को मुखबिर से सूचना मिली की दो युवक हीराकुंड एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 से गांजे की तस्करी कर रहे हैं। टीम चांपा स्टेशन पहुंची, तब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। जांच में एमपी के देवरा के अजय मिश्रा (32 वर्ष) व कर्रा के अतुल पांडेय (25 वर्ष) की ट्रॉली की जांच में गांजा मिला। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

जीआरपी और आरपीएफ ने अलग-अलग मामलों में करीब एक क्विंटल गांजा रेल मार्ग से ले जाते हुए पकड़ा है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए है। इनमें से अधिकांश मामले में पकड़े गए आरोपी मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश या फिर ओडिशा से हैं। इन्हें अपने राज्य तक गांजा पहुंचाने छत्तीसगढ़ से गुजरना पड़ता है। पुलिस ने सतना के जिन दो युवकों को गांजा तस्करी करते पकड़ा है, वे दोनों पढ़े-लिखे हैं। एक के पास बी-फार्मा की डिग्री तो दूसरे के पास कम्प्यूटर की डिग्री है। इनमें से एक अजय मिश्रा के पिता एमपी पुलिस में पदस्थ हैं। वहीं दूसरे आरोपी अतुल पांडेय का भाई सीआरपीएफ का जवान है। 21 अक्टूबर को जीआरपी की एंटी क्राइम यूनिट ने बदायूं के विमलेश कच्छप को 51 किलो गांजे के साथ पकड़ा था। 16 अक्टूबर को संबलपुर के मानस छतर व संजय तांडी पकड़ाए थे।

# पुलिस ने अन्तरराज्यीय गांजा तस्कर को यात्री बस से पकड़ा

**कोंडागांव (ए)।** विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध मादक पदार्थों के परिवहन के रोकथाम के लिए थाना अनंतपुर पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नीले रंग के बैग में उमरकोट से कोंडागांव जाने वाली बस में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहा है।

सूचना पर एरला एसएसटी चेक पोस्ट के पास जाकर घेराबंदी किया गया व मुखबिर के बताए अनुसार बस की चेकिंग की गई। जिस पर एक व्यक्ति मुखबिर के बताए अनुसार बैग लेकर बैठा हुआ था, पूछताछ करने पर अपना नाम अभिमन्यु पटेल पिता नरेन्द्र पटेल निवासी रेडुआ खुर्द थाना गुड़ जिला



रींवा मप्र का रहने वाला बताया। उसका बैग चेक करने पर उक्त व्यक्ति के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 4.175 किग्रा जिसकी कीमत करीब 40000 रुपए हैं प्राप्त हुआ। जिसे विधिवत कार्रवाई कर मौके पर जब्त कर आरोपी अभिमन्यु पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# आरोपी के भाई ने पुलिस के साथ की धक्कामुक्की



**बिश्रामपुर (ए)।** निर्माणाधीन मकान के बाउंड्रीवॉल में लगाए गए लोहे के एंगल की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पकड़े गए एक आरोपी के बड़े भाई ने थाना में पहुंचकर हंगामा मचाने लगा, जिसके खिलाफ भी पुलिस ने अलग से कार्रवाई की है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर निवासी व्यवसायी राजेश जैन पिता स्व. जेठमल जैन ने गांव में ही राधाकृष्ण मंदिर गली में अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहा है। निर्माणाधीन मकान की बाउंड्रीवॉल में लगे लोहे के एंगल को शिवनन्दनपुर निवासी आरोपी राय कुमार पिता श्यामलाल 43वर्ष, राजेश शांडिल्य पिता शंकर शांडिल्य 25 वर्ष, सोमार साय पिता रघुनाथ गोंड 50 वर्ष द्वारा 27 अक्टूबर को चोरी कर ले जाते समय मकान मालिक ने देख लिया था। मामले में प्रार्थी राजेश जैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धारा 454, 380 के तहत केस दर्ज कर शनिवार को गिरफ्तार कर थाने में बैठाया था। इसी दौरान चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी राजेश शांडिल्य का बड़ा भाई राकेश शांडिल्य थाना पहुंचकर पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करते हुए आरोपी भाई को जबरन अपने साथ हाथ पकड़कर ले जाने लगा। इस पर प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने उसे रोकना चाहा, तो आरोपी राकेश ने कहा कि हम ट्रायबल हैं, मेरे भाई को गिरफ्तार करने से पहले ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कराना पड़ेगा और प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह की वर्दी को पकड़ लिया और पुलिस के साथ झूमा झटकी में नेम प्लेट टूट गई। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी के बड़े भाई राकेश के खिलाफ 151 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अलग से उसके खिलाफ धारा शासकीय कार्य में व्यवधान की धारा 182, 332, 353, के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

# बैनर-पोस्टर लगाते 2 नक्सली गिरफ्तार, एक फरार

**बीजापुर (ए)।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत थाना बीजापुर, डीआरजी व बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम पेट्रोलिंग पर नयापारा पामलवाया की ओर निकली थी। पेट्रोलिंग के दौरान गोरना-मनकेली की ओर जाने वाली सड़क पर सड़क किनारे पेड़ पर पाम्पलेट बैनर लगाते कुछ संदिग्ध नजर आए। जिन्हें संयुक्त पार्टी द्वारा घेराबंदी कर 2 नक्सलियों को पकड़ा गया व 1 अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए नक्सलियों से पूछताछ पर अपना नाम सहदेव कवासी पिता लिंगा कवासी उम्र 20 वर्ष निवासी इसुलनार थाना बीजापुर डीएकेएमएस सदस्य और नाबालिग जो आदिवासी बाल संघ का सदस्य है पकड़े गए। नक्सलियों से



पूछताछ करने पर फरार होने के सबंध में बताया गया। जो फरार तीसरे नाबालिग को कोकरा से पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर बताया कि विगत 5 दिनों से कोकरा निवासी गुडडू मोड़ियाम जो मंडीगुड़ा बीजापुर में घर बनाकर रह रहा है, वहां रुकना बताया।

पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल मंडीगुड़ा पहुंचकर गुडडू मोड़ियाम पिता मंगू मोड़ियाम उम्र 22 वर्ष निवासी कायतापारा कोकरा थाना बीजापुर हाल मडीगुड़ापारा बीजापुर को पकड़ा गया जो घर पर मिला। बीजापुर। बीती रात नक्सलियों ने टिप्पर और जेसीबी में आगजनी की। बीजापुर। गिरफ्तार नक्सली और उनके पास से बरादम पाम्पलेट व बैनर। बीजापुर7 चुनाव से पहले नक्सलियों ने एक बार फिर जिले में उत्पात मचाया है। शुक्रवार की रात मिरतुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने थाने से कुछ दूर पर खड़ी गाड़ियों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात नक्सलियों ने मिरतुर थाना से कुछ दूर खड़ी एक जेसीबी व एक टिप्पर को आग के हवाले कर दिया। बताया गया है कि मिरतुर से गंगालूर तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। ऐसे में ठेकेदार निर्माण का काम खत्म करने के बाद मिरतुर थाने के पास गाड़ियों को खड़ी कर देता है। शुक्रवार की रात थाने से कुछ दूर पर खड़ी वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। बताया गया है कि यह घटना रात 11.30 बजे के आसपास की है। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने वहां आसपास पर्चे भी फेंके हैं। पर्चे में नक्सलियों ने विधानसभा चुनाव बहिष्कार की बात लिखी है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
V.I.P. happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर




### श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के शिक्षकों ने लिया निष्पक्ष मतदान का संकल्प

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में महाविद्यालय के समस्त गैर शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग को मतदान के प्रति जागरुक करने एवं निष्पक्ष मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम मे सभी ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाये रखने, बिना जाति, धर्म, भाषा का भेद किये, निष्पक्ष होकर मतदान करने का संकल्प लिया गया। साथ ही सभी ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करेंगे।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, आई. क्यू. ए.सी. संयोजक डॉ. राहुल मेने, स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह, डॉ. आशीष नाथ सिंह, डॉ लक्ष्मी वर्मा, राजकिशोर पटेल एवं 42 गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक देवेंद्र की विश्वास यात्रा : बड़ी संख्या में जुड़ रहे युवा और बुजुर्ग, जनता का मिल रहा समर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**विश्वास यात्रा के माध्यम से लोगों से घर-घर जाकर मिल रहे भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव**

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा कर रहे हैं। उनकी विश्वास यात्रा को जनता का खूब प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। यात्रा में हजारों की संख्या में युवा और बड़े बुजुर्ग शामिल हो रहे हैं। विधायक श्री यादव को जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है।

शनिवार को विधायक देवेन्द्र यादव की विश्वास यात्रा खुर्सीपार के दो वार्ड में निकाली गई। सुबह वार्ड 50 शास्त्री नगर और शाम को वार्ड 43 बापू नगर में विश्वास यात्रा निकाली गई। कांग्रेस का झंडा लेकर हजारों की संख्या में देवेंद्र यादव की यात्रा से जुड़ते गए और कदम से कदम मिलाकर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते चले गए। विधायक श्री यादव भी लगातार लोगों से मिल रहे।

शनिवार को भी विधायक देवेन्द्र यादव हर घर जाकर लोगों से मिले। बड़े बुजुर्गों माताओं और बहनों को प्रमाण कर आशीर्वाद लिया। जनता ने भी उन्हें खूब प्रेम और आशीर्वाद दिया। जनता ने आशीर्वाद देकर कहा कि आप ही हमारे नेता नहीं आप हमारे बेटा है। जीत आप की पक्की है। पूरा खुर्सीपार आप के साथ है। विधायक श्री यादव जब यात्रा कर रहे थे, तब लोग खुद अपने घर से निकल कर उनके आने का इंतजार करते रहते। उनके लिए पूजा की थाली सजाकर रखते।



### हर परिवार को मिला सम्मान जनता ने जताया आभार

खुर्सीपार के हर परिवार को सम्मान मिला है। हर घर हर परिवार का राशन कार्ड बनाया गया है। राशन कार्ड पहले भाजपा के सरकार में लोगों का बनता भी नहीं था। लोग चक्कर काटते रहते थे। लेकिन जब से कांग्रेस सरकार आई। तब से बिना चक्कर काटे लोगों का राशन कार्ड बनाया गया। जनता ने विधायक से कहा कि पहले वार्ड में पानी के लिए विवाद होता था। टैंकरों से पानी सप्लाई होती थी। लोग कैमिकल युक्त पानी पीते थे। आज पानी की समस्या ही विधायक यादव ने समाप्त कर दी। लोगों का कहना है कि अब हर घर में नल लगाया गया है। जहां टंकियों से शुद्ध पानी लोगों के घरों में आ रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र में पहले सफाई तक ठीक से नहीं होती थी, लेकिन अब लगातार क्षेत्र की सफाई होती है। इतना विकास किया गया है कि क्षेत्र की तश्वीर ही बदल गई है। बाबा बालक नाथ मंदिर और आसपास क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण किया गया है। इसी प्रकार खेल मैदान से लेकर कई सुविधाएं भी बनाई गई। हर गली सड़क नाली को बनाया गया है।

## प्रचार में उमड़े लोग, वोरा ने कहा- प्रदेश भर में है कांग्रेस सरकार के लिए भरोसा बरकरार, अब की बार 75 पार



**दुर्ग।** शहर में चुनावी शंखनाद होने के साथ ही कांग्रेस से सातवीं बार प्रत्याशी बनाए गए अरुण वोरा के समर्थन में लगातार वार्डों में जनसैलाब उमड़ रहा है। प्रचार के दूसरे दिन वोरा के चुनाव अभियान के दौरान वार्ड 56 बघेरा, वार्ड 1 पंचशील नगर, वार्ड 2 एवं 3 में वार्ड के नागरिकों व विशेषकर माताओं एवं बहनों की भारी भीड़ रही। लोग घर घर के वोरा का अभिनंदन एवं तिलक करते नजर आए साथ ही घर के वरिष्ठजनों ने वोरा को उन्मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए अपना आशीष दिया।

विधायक वोरा ने प्रचार के दौरान सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों व कांग्रेस की गारंटी पर आम जनता का भरोसा बरकरार है। इस बार 75 से अधिक सीटों के साथ प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल पूरे देश मे चर्चा का विषय है। किसान, युवा, गरीब, मजदूर मध्य वर्ग, महिलाएँ, आदिवासी, पशुपालक सर्वहारा वर्ग के लोग शासन की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। इस बार प्रदेश में पहले से अधिक रुझान और उत्साह कांग्रेस के प्रति है जनता समझदार है और भूपेश पर भरोसा बरकरकर है इस बार 75 सीटों से भी अधिक सीट कांग्रेस को प्राप्त होगी।

## नेहरू नगर में शुरू हुआ तारामंडल, मनोरंजन के साथ मिलेगी खगोलीय घटनाओं की जानकारी

■ 25 मिनट के शो में जान देखेंगे पृथ्वी के बाहर की दुनिया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** नेहरू नगर गार्डन में बने तारामंडल में नागरिकों के लिए प्रारम्भ कर दिया गया है। चंद्रमा से जुड़े हुए आज तक के सभी अभियान, अंतरिक्ष यात्रियों के अनुभव भी तारामंडल में वीडियो स्लाइड में दिखाया जायगा।

लगभग 25 मिनट के शो में पृथ्वी से बाहरी दुनिया कैसी लगती है और साथ ही इस ब्रह्मांड से हमारी पृथ्वी कैसी लगती है यह भी दिखाया जाएगा। सभी आयु वर्ग के लिए वीडियो और साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक कार्टून वीडियो के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ जानकारी दी जाएगी।

तारामंडल के टेक्निकल हेड शशांक साहू ने बताया की शनिवार से तारामंडल को शुरू किया जा रहा है, शाम 5 - 7 बजे के बीच शो दिखाए जाएंगे। एक शो 20-25 मिनट का होगा, तारामंडल में स्कूली बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। उन्होंने आगे बताया की ब्रह्मांड और आकाश की गहराइयों में छुपे रहस्य और मन मोह लेने वाले खगोलीय पिंडों और तारों की जानकारी को आकर्षक वीडियो स्लाइड तैयार कर तारामंडल में मनोरंजन तरिके से प्रदर्शित की जा रही है।

## श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में पालक शिक्षक संघ का गठन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी भिलाई में पालक शिक्षक संघ 2023 2024 ष्ध्य गठन किया गयां। जिसमें पालकों विभिन्न विभागों के विभागअध्यक्षों से संपर्क करके विद्यार्थियों के बारे में चर्चा कीं।



अभिभावकों के सर्वसम्मति से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, एवं सदस्य मनोनित किए गए। जिसमें अध्यक्ष वैशाली करनेवार जो पुत्री तनिष्क करनेवार, बीसीए प्रथम वर्ष, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी पिता गार्गी तिवारी, बीकॉम प्रथम वर्ष, सदस्य सुबोध आचार्य पिता तारा आचार्य, बीए प्रथम वर्ष, श्रीमती सुनीता गुप्ता पुत्र आयुष गुप्ता, बीएससी प्रथम वर्ष, डॉ. वीके सिंह पुत्री हिया सिंह डी.एल.एड. द्वितीय, मनोज कुमार साव पुत्री अंजली कुमारी, बीबीए प्रथम सेम, सचिव डॉ. अर्चना झा, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी संघ के सदस्य इस वर्ष से चुने गये। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉ कंचन सिन्हा, प्राध्यापक की ओर से संघ के शिक्षक सदस्य डॉ. वंदना सिंह, श्रीमती उज्ज्वला भोंसले, डॉ आकांक्षा जैन, कुमारी वर्षा यादव चुने गए।

## राष्ट्रीय खेल में तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के खाते में आए दो कांस्य पदक, अब तक जीते 4 पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** गोवा में भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में चल रहे 37वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाडियों का सफर दिन प्रतिदिन बेहतर हो रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बास्केटबॉल में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस मुक़ाबले में मध्य प्रदेश को 20-15 से हराकर नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के लिए दूसरा कांस्य पदक प्राप्त किया।

टीम ने लीग मैच तेलंगाना से पराजित हुई। उसके बाद शानदार वापसी करते हुए केरल एवं मेज़बान गोवा को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई सेमीफाइनल राज्य का मुकाबला दिल्ली से हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। टीम में सारे ही जूनियर स्तर के खिलाड़ी होने के बावजूद टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और राज्य के लिए पदक हासिल किया।

तीसरे दिन का दूसरा कांस्य पदक मलखम्ब में आया। टीम चैम्पियनशिप के हैंगिंग एवं रोप इवेंट के पुरुष वर्ग आया। छत्तीसगढ़ राज्य के पुरुष खिलाड़ियों ने 125. 95 अंको के साथ कांस्य पदक हासिल किया ,पोल इवेंट में 42. 70, रोप इवेंट में 41. 90 एवं हैंगिंग इवेंट में 41. 35 अंक अर्जित किया। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ के चीफद मिशन मोहन लाल एवं बशीर अहमद खान व संघ के समस्त पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी।

# दुर्ग जिले में वोटर्स की सुविधा के लिए संगवारी मतदान केन्द्र की स्थापना, 6 विधानसभा में बनेंगे 60 केन्द्र

**महिला वोटर्स सहित दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को मिलेगी विशेष सुविधा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा संगवारी मतदान केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इन विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा संचालित 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र व 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। इस तरह जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केन्द्र, 06 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, 06 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 30 आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है।




**विधानसभा क्रमांक 62 पाटन** के मतदान केंद्र क्र. 12 नवीन शा. प्रा. शाला भवन कुम्हारी कक्ष क्र 03, मतदान केंद्र क्र. 19 शास. स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके. स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद्र क्र. 23 शास. स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके. स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद्र क्र. 24 पूर्व मा. शाला भवन कुकदा उत्तर दिशा, मतदान केंद्र क्र. 37 प्रा शा भवन अमलेश्वर क. नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 104 पू. मा शाला भवन पतोरा क.नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 136 शास. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के कमरा नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 137 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 01, मतदान केंद्र क्र. 138 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 03 एवं मतदान केंद्र क्र. 139 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा नं. 04 (महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र) शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 140 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन अखरा कक्ष नं. 01 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 1, प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष क्र. 16 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 1 प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष क्र.16, मतदान केन्द्र क्र. 12 नवीन शा.प्र.शा.भवन कुम्हारी कक्ष क्र. 03, मतदान केन्द्र क्र. 19 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यमि हायर सेकेण्डरी स्कूल कुम्हारी कक्ष क्र. 11, मतदान केन्द्र क्र. 104 उ.मा.शा. पतोरा कक्ष क्र. 01 और मतदान केन्द्र क्र. 140 शा.पू.मा.शा. अखरा कक्ष क्र. 01 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

**विधानसभा क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण** के मतदान केंद्र क्र. 127 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा न. 29 एवं मतदान केंद्र क्र. 125 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 26, मतदान केंद्र क्र. 34 शा.प्र.शा. भवन पिसेगांव, मतदान केंद्र क्र. 36 शा. प्रा. शा. कोलिहापुरी कमरा न. 01, मतदान केंद्र क्र. 33 शा.उ.मा. भवन अंजोरा पूर्व भाग, मतदान केंद्र क्र. 123 मैत्री विद्या निकेतन रिसाली कमरा न. 01, मतदान केंद्र क्र. 91 शा.प्रा.शा. भवन धनोरा के कमरा नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 126 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 24, मतदान केन्द्र क्र. 165 प्राथमिक शाला भवन उतई एवं मतदान केंद्र क्र. 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा नं. 03 में सहित कुल 10 संगवारी मतदान केंद्र शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 139 क्लब हाउस तालपुरी रूआबांधा कमरा नं. 01 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 63 प्र.शा.भवन कक्ष क्र. 01 अण्डा गांधी भाठा को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 125 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 26, मतदान केन्द्र क्र. 126 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नं. 24, मतदान केन्द्र क्र. 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा नं. 03, मतदान केन्द्र क्र. 33 शा.उ.मा.शा. भवन अंजोरा पूर्व भाग और मतदान केन्द्र क्र. 63 शा.प्र.शा. भवन कक्ष 01 अण्डा गांधी भाठा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

**विधानसभा क्रमांक 64 दुर्ग शहर** के मतदान केंद्र क्र. 4 बघेरा वार्ड क्र. 58 शा.उ.मा.वि. बघेरा हाल, मतदान केंद्र क्र. 26 सिकोलाबस्ती दक्षिण वार्ड क्र. 16 नया गंज मंडी व्यापारी विश्राम गृह, मतदान केंद्र क्र. 36 कातुलबोड़ वार्ड क्र. 59 शा.पूर्व.मा. शा. कातुलबोड़ कमरा नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 52 शहीद भगत सिंह वार्ड क्र 19 शहीद भगत सिंह पू.मा.शा. दक्षिण कक्ष कमरा नं. 2, मतदान केंद्र क्र. 60 आमदी मंदिर वार्ड क्र 24 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर कमरा नं. 6, मतदान केंद्र क्र. 124 तमेर पारा वार्ड क्र. 30 मारवाड़ी विद्यालय दुर्ग कमरा नं. 3, मतदान केंद्र क्र. 130 पोलसायपारा वार्ड क्र. 27 कार्या. कार्य. यंत्री तांदुला सिंचाई विभाग कमरा नं. 2, मतदान केंद्र क्र. 146 कचहरी वार्ड क्र 39 स्वामी आत्मानंद हिन्दी मा. जे.आर.डी. हायर सेकेन्डरी स्कूल दुर्ग टैगोर हाल कमरा नं. 1, मतदान केंद्र क्र. 150 सुराना कॉलेज वार्ड क्र. 40 सेठ र.चं सुराना कला एवं वा. महा वि. उत्तरी कक्ष का कमरा नं. 6 एवं मतदान केंद्र क्र. 192 पोटियाकला वार्ड क्र. 54 नया प्रा. शा. भवन झुग्गी झोपड़ी नेहरू नगर पोटिया कमरा नं. 1 शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 179 विश्वदीप विद्यालय नया भवन कमरा नं. 01 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 203 आनंदबाड़ी केन्द्र भाग क्र. 02 बोरसी भाठा को युवा प्रबंधित मतदान केन्द तथा मतदान केन्द्र क्र. 60 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर कमरा नं. 06, मतदान केन्द्र क्र. 130 कार्या. यंत्री तान्दुला सिंचाई विभाग कमरा नं. 02, मतदान केन्द्र क्र. 179 विश्वदीप विद्यालय नया भवन कमरा नं. 01, मतदान केन्द्र क्र. 203 आंगनबाड़ी केन्द्र भाग क्र. 02 बोरसी भाठा और मतदान केन्द्र क्र. 192 नया प्रा.शा. भवन नेहरू नगर पोटिया कमरा नं. 01 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

**विधानसभा क्रमांक 65 भिलाई नगर** के मतदान केंद्र क्र. 3 आमदी नगर, हुडको वार्ड क्र. 70 महिला महाविद्यालय हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई नगर कमरा नं. 3, मतदान केंद्र क्र. 14 भिलाई नगर सेक्टर 9 वार्ड नं. 69 बीएसपी अंग्रेजी पूर्व मा. शा. सेक्टर 9 क.नं. 5, मतदान केंद्र क्र. 35 भिलाई नगर सेक्टर 10 वार्ड क्र 65 बी.एस.पी.सी. सेकेण्डरी स्कूल से. 10 क.न. 5, मतदान केंद्र क्र. 47 भिलाई नगर सेक्टर 6 वार्ड 62 एम.जी.एम.उमा.शा. सेक्टर 6 कमरा नं. 117, मतदान केंद्र क्र. 51 भिलाई नगर सेक्टर 6 वार्ड 61 स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी मा. हायर सेकेण्डरी विद्यालय सेक्टर 6 भिलाई नगर कमरा नं. 9, मतदान केंद्र क्र. 62 भिलाई नगर सेक्टर 4 वार्ड 58 एसएनजी विद्या भवन सेक्टर 4 कमरा नं. 2, मतदान केंद्र क्र. 67 भिलाई नगर सेक्टर 4 वार्ड 57 शा.प्रा.शा. सेक्टर 4 कमरा नं. 1, मतदान केंद्र क्र. 75 भिलाई नगर सेक्टर 2 वार्ड 56 डी.ए.व्ही. इस्पात विद्यालय सेक्टर 2 कमरा नं. 2 एवं मतदान केंद्र क्र. 86 भिलाई नगर सेक्टर 1 वार्ड 54 संगवारी मतदान केंद्र में शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 166 प्रशासकीय अधि.कार्या. जनस्वास्थ्य विभाग कक्ष जोन 04 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 40/41 शा.पू.मा.शा. भवन शंकर छावनी कमरा नं 02 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 03 महिला महाविद्यालय हॉस्पीटल सेक्टर भिलाई कमरा नं. 03, मतदान केन्द्र क्र. 35 बीएसपी सी.सेके. स्कूल सेक्टर-10 कमरा नं. 05, मतदान केन्द्र क्र. 38 शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 कमरा नं. 05, मतदान केन्द्र क्र. 51 स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम हायर सेके.विद्यालय सेक्टर-6 और मतदान केन्द्र क्र. 62 एसएनजी विद्या भवन सेक्टर-4 कमरा नं. 02 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

**विधानसभा क्रमांक 66 वैशाली नगर** के मतदान केंद्र क्र. 1 खम्हरिया वार्ड क्र. 1 शा.उमा.शा. खम्हरिया कमरा न. 1, मतदान केन्द्र 11 जुनवानी बस्ती उत्तर स्मृति नगर वार्ड क्र. 02 शा.प्रा.शा.पुराना भवन जुनवनी हाल, मतदान केंद्र क्र. 19 जुनवानी माडल टाउन पूर्व वार्ड 3 कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर कमरा नं. 6, मतदान केंद्र क्र. 27 मोती लाल नेहरू नगर वार्ड क्र. 04/06 शा.प्रा.शा. भवन नेहरू नगर कमरा नं. 01, मतदान केन्द्र 65 इंदिरा नगर सुपेला वार्ड क्र. 15/16 शा.पू.मा.शा. सुपेला कमरा नं. 02, मतदान केन्द्र क्र. 93 वैशाली नगर कोहका वार्ड क्र 20 शा. कन्या उ.मा. शाला भवन वैशाली नगर कमरा नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 146 घासीदास नगर वार्ड 23 शा.उ.मा.शा. हाउसिंग बोर्ड छावनी कमरा नं. 13, मतदान केन्द्र क्र. 174 आजाद मोहल्ला केम्प-1 वार्ड क्र. 28 शा.उ.मा.शा.वृन्दानगर केम्प 1 भिलाई कमरा नं. 02, मतदान केंद्र क्र. 196 शांतिपारा दक्षिण केम्प 1 वार्ड 30 शा.उमा.शा. जे.पी. नगर कमरा नं. 1 एवं मतदान केन्द्र क्र. 239 संत रविदास नगर केम्प 2 वार्ड 32/37 शा.पूर्व.मा.केम्प 02 कमरा नं. 02 संगवारी मतदान केन्द्र में शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 19 कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर कमरा नं. 06 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 45 शा.प्र.शा. नया भवन कृष्णा नगर सुपेला कमरा नं. 04 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 01 शा.उ.मा. खम्हरिया कमरा नं. 01, मतदान केन्द्र क्र. 19 कृष्णा पब्लिक नेहरू नगर कमरा नं. 06, मतदान केन्द्र क्र. 45 शा.प्रा.शा. नया भवन कृष्णा नगर सुपेला कमरा नं. 04, मतदान केन्द्र क्र. 146 शा.उ.मा.शा. हाउसिंग बोर्ड छावनी कमरा नं. 13 और मतदान केन्द्र क्र. 196 शा.उ.मा.जेपी नगर कमरा नं. 01 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

**विधानसभा क्रमांक 67 अहिवारा** के संगवारी मतदान केंद्र अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 16 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन पश्चिम दिशा, मतदान केंद्र क्र. 17 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन का हाल, मतदान केंद्र क्र. 18 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन पश्चिम दिशा, मतदान केंद्र क्र. 19 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन उत्तर दिशा, मतदान केंद्र क्र. 154 जामुल शा.उमा. शाला जामुल कमरा नं. 1, मतदान केंद्र क्र. 192 भिलाई 3 शास. उच्च. माध्य. शाला भवन कमरा नं. 3 भिलाई-3, मतदान केंद्र क्र. 247 देवबलोदा पूमा शा भवन देवबलोदा उत्तर दिशा, मतदान केंद्र क्र. 248 देवबलोदा पूमा शा भवन देवबलोदा दक्षिण दिशा, मतदान केंद्र क्र. 258 मोरीद हाई स्कूल मोरीद कक्ष क्र. 1 एवं मतदान केंद्र क्र. 259 मोरीद हाई स्कूल मोरीद कक्ष क्र. 2 शामिल है। मतदान केन्द्र क्र. 155 शा.उ.मा.शा. जामुल कमरा नं. 02 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र क्र. 193 शा.उ.मा.शा. भवन कमरा नं. 04 भिलाई-3 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्र. 154 जामुल शा.उ.मा.शा. जामुल कमरा नं. 01, मतदान केन्द्र क्र. 192 शा.उ.मा.शा. भवन कमरा नं. 03 भिलाई-3, मतदान केन्द्र क्र. 193 शा.उ.मा.शा. भवन कमरा नं. 04 भिलाई-3, मतदान केन्द्र क्र. 247 पू.मा.शा. भवन देवबलोदा उत्तर दिशा और मतदान केन्द्र क्र. 254 मोरिद हाईस्कूल मोरिद कक्ष क्र. 01 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950